
RNI No. MPHIN/2016/67534

दैनिक

# रुद्रांश दर्पण

संपादक : अंतरिक्ष पवार

वर्ष-7, अंक-149 | मंगलवार , 20 फरवरी, 2024 | पृष्ठ-8 मूल्य-2 रु.




## प्रधानमंत्री मोदी आज जम्मू AIIMS का उद्घाटन करेंगे:

## 32 हजार करोड़ के कई प्रोजेक्ट्स का लोकार्पण करेंगे


रुद्रांश दर्पण-नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज जम्मू में AIIMS का उद्घाटन करेंगे। खास बात यह है कि 2019 में इसकी आधारशिला भी PM मोदी ने ही रखी थी। प्रधानमंत्री सुबह 11 बजे जम्मू पहुंचेंगे। सुबह 11:30 बजे मौलाना आजाद स्टेडियम जम्मू में होने वाले समारोह के दौरान करीब 32 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट्स का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया जाएगा।

प्रधानमंत्री जम्मू हवाईअड्डे के नए टर्मिनल भवन और 'कॉमन यूजर फैसिलिटी' पेट्रोलियम डिपो की आधारशिला रखेंगे। साथ ही जम्मू-कश्मीर में कई महत्वपूर्ण सड़क और रेल कनेक्टिविटी के प्रोजेक्ट्स का भी उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

### AIIMS जम्मू की खासियत- 720 बेड का हॉस्पिटल 227 एकड़ में फैला

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (AIIMS ), विजयपुर (सांबा) में 227 एकड़ से ज्यादा एरिया में बना है। यह 1660 करोड़ रुपए की लागत से बना है। यह अस्पताल 720 बिस्तर और 125 सीट वाले मेडिकल कॉलेज, 60 सीटों वाले नर्सिंग कॉलेज और 30 बिस्तरों वाले आयुष ब्लॉक से मिलकर बना है। इसमें फैकल्टी



और कर्मचारियों के लिए रेसिडेंशियल, UG और PG हॉस्टल, नाइट शेल्टर, गेस्ट हाउस, ऑडिटोरियम, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स जैसी सुविधाएं भी हैं।

जम्मू अककटर कार्डियोलॉजी, गैस्ट्रो-एंट्रोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, यूरोलॉजी, न्यूरोलॉजी, न्यूरोसर्जरी, मेडिकल ऑन्कोलॉजी, सर्जिकल ऑन्कोलॉजी, एंडोक्रिनोलॉजी, बर्न्स और प्लास्टिक सर्जरी जैसी 18 स्पेशियलिटी और 17 सुपर स्पेशियलिटी सर्विस के जरिए मरीजों को सेवाएं प्रदान करेगा।

इसमें कउव, इमरजेंसी और ट्रॉमा यूनिट, 20 मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर, लैब, ब्लड बैंक और फामेर्सी की सुविधाएं भी मिलेंगी। यह अस्पताल दूर-दराज के क्षेत्रों तक पहुंच बनाने के लिए डिजिटल हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्कर ढांचे का भी इस्तेमाल करेगा।

### जम्मू टर्मिनल- 40 हजार स्क्वायर मीटर में बनेगा

प्रधानमंत्री जम्मू हवाई अड्डे के नए टर्मिनल भवन की आधारशिला भी रखेंगे। लगभग 40 हजार वर्गमीटर में फैला नया टर्मिनल भवन भीड़भाड़ के दौरान लगभग 2000 यात्रियों के लिए एडवांस सर्विसेस से लैस होगा। नया टर्मिनल भवन ईकोफ्रैंडली होगा। इसके जरिए जम्मू की स्थानीय संस्कृति को भी बढ़ावा दिया जाएगा। यह एयर कनेक्टिविटी को भी मजबूत करेगा। साथ ही पर्यटन और व्यापार को बढ़ावा देगा। इसके अलावा क्षेत्र की आर्थिक प्रगति को गति देगा।

### मोदी घाटी की पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे

जम्मू-कश्मीर में बनिहाल-खारी-सुम्बर-संगलदान (48 किलोमीटर) और नई इलेक्ट्रिफाइ बारामूला-श्रीनगर-बनिहाल-संगलदान ब्लॉक (185.66 किलोमीटर) के बीच नई रेल लाइन समेत कई रेल प्रोजेक्ट्स का लोकार्पण करेंगे। प्रधानमंत्री घाटी में पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन और संगलदान स्टेशन के साथ बारामूला स्टेशन के बीच रेल सेवा को भी हरी झंडी दिखाएंगे।

बनिहाल-खारी-सुम्बर-संगलदान ब्लॉक इसलिए भी मायने रखता है, क्योंकि इसमें पूरे मार्ग पर बैलेस्टलेस ट्रैक (BLT) बनाया गया है। ये ट्रैक बिना गिट्टी के बनाए जाते हैं। इसके अलावा, भारत की सबसे लंबी परिवहन सुरंग टी-50 (12.77 किमी) खारी-सुम्बर के बीच इसी हिस्से में बनी है।

IIT-IIM जैसे एजुकेशनल इंस्टीट्यूट का उद्घाटन और लोकार्पण भी करेंगे मोदी इसके अलावा वे पूरे देश में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए, IIT जम्मू, IIM जम्मू, IIT भिलाई, , IIT तिरुपति, , IIT टीडीएम कांचीपुरम, IIM बोधगया, IIM विशाखापत्तनम, भारतीय कौशल संस्थान (IIS) कानपुर संस्थानों का उद्घाटन और लोकार्पण भी करेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री जम्मू-कश्मीर के 1500 सरकारी कर्मचारियों को जॉब लेटर भी देंगे। प्रधानमंत्री 'विकसित भारत विकसित जम्मू' के तहत सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों के साथ बातचीत भी करेंगे।

## कालाजार मुक्त हुआ भारत, स्वास्थ्य मंत्रालय ने 15 साल की समीक्षा रिपोर्ट तैयार की

**एक लंबी लड़ाई के बाद भारत कालाजार मुक्त हो गया है। साल 2023 में 140 करोड़ की आबादी पर केवल 583 मामले सामने आए जो वैश्विक मानकों के अनुसार, रोग उन्मूलन की स्थिति है। इस आधार पर केंद्र सरकार ने यह स्वीकार किया है कि भारत में अब कालाजार का संक्रमण काबू में है।**



पिछले वर्ष बांग्लादेश कालाजार मुक्त हुआ था। बांग्लादेश के बाद भारत ऐसा करने वाला दूसरा देश बन गया है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बीते 15 साल की समीक्षा रिपोर्ट में बताया है कि 10 हजार की आबादी पर अगर मरीजों की संख्या एक से नीचे रहती है तो उस स्थिति को रोग मुक्त माना जाता है। भारत में 31 दिसंबर 2023 तक कुल 583 मामले सामने आए हैं। यह आंकड़ा वैश्विक मानक को पूरा करता है। साथ ही उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और बंगाल के 633 ब्लॉक में 99 फीसदी अब रोग मुक्त हैं। मंत्रालय ने उम्मीद जताई है कि भारत को बहुत जल्द कालाजार रोग उन्मूलन का प्रमाणपत्र हासिल होगा।

### कई साल की लड़ाई के बाद सफलता

स्वास्थ्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव राजीव मांझी के मुताबिक, कई साल की लड़ाई के बाद भारत को अब सफलता मिली है। इस बीमारी से मुक्त होने के लिए साल 2014 से लगातार प्रयास किए जा रहे थे। यूपी, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल चार सर्वाधिक प्रभावित वाले राज्य हैं, जहां एक समय पहले तक हजारों लोगों की सालाना इस बीमारी से मौत हुई। केंद्र सरकार ने साल 2023 तक रोग मुक्ति का लक्ष्य रखा जिसे 31 दिसंबर 2023 को हासिल किया गया।

अधिकारियों ने बताया कि प्रभावित क्षेत्रों में संक्रमण स्त्रोत की पहचान करने और प्रसार को रोकने के लिए माइक्रो स्तर पर काम किया गया। इसका नतीजा यह रहा कि 633 स्थानिक ब्लॉक में प्रति 10 हजार पर एक से कम मामले पहुंचे हैं। भारत में 2022 से अब तक कालाजार से एक भी रोगी की मौत नहीं हुई है।

### आंकड़े बढ़ाते गए हौसला


स्वास्थ्य मंत्रालय का कहना है कि हर साल जैसे-जैसे नए मामलों की संख्या कम होती दिखाई दी तो स्वास्थ्य कर्मचारियों के हौसला भी बढ़ता गया। 2015 में 8,500 मामले व पांच मौत हुईं। 2016 में 6,249 मामले, 2017 में 5,758 और 2018 में 4,386 मरीज मिले। 2019 और 2020 में एक भी मरीज की मौत नहीं हुई, लेकिन कोरोना के चलते नए मरीजों की पहचान काफी प्रभावित हुई। इसके बाद 2021 में 1,267 मामले सामने आए लेकिन इसके बाद से नए मरीजों की संख्या एक हजार से नीचे है।

### 2026 में पूरा दक्षिण पूर्व एशिया हो सकता है मुक्त

डब्ल्यूएचओ का कहना है कि कालाजार के खिलाफ किए प्रयासों से एक दशक में दक्षिण पूर्व एशिया में इसके मामले 95% घटे हैं।?दक्षिण-पूर्व एशिया के सभी 11 सदस्यों को 2026 तक कालाजार मुक्त करने के लिए रूपरेखा भी पेश की गई।

## गुजरात विधानसभा में नारेबाजी करने पर कार्रवाई, 10 कांग्रेस विधायक एक दिन के लिए निलंबित

गुजरात विधानसभा में नारेबाजी करने पर 10 कांग्रेस विधायकों को एक दिन के लिए निलंबित कर दिया गया है। इस समय गुजरात विधानसभा का सत्र चल रहा है। एक महीने तक चलने वाले इस शीतकालीन सत्र में सरकार कई सवालों के जवाब दे रही है। आज कांग्रेस विधायकों ने एक बार फिर सदन में सरकार के खिलाफ फर्जी घोटाले का मुद्दा उठाया और जमकर हंगामा किया। इतना ही नहीं विधायकों ने वॉकआउट भी किया।



विधानसभा सदन में कांग्रेस और भाजपा विधायकों ने सदन में आमने-सामने जमकर नारेबाजी की। कांग्रेस विधायकों ने एक-दूसरे को रोकने के लिए नारे लगाए तो भाजपा ने भी नारे लगाकर विरोध जताया।

## ईयू राजदूत ने मेजबानी के लिए विदेश मंत्री जयशंकर का किया धन्यवाद, इन मुद्दों पर दोनों नेताओं ने की बातचीत

यूरोपीय संघ के राजदूत हर्वे डेल्फिन सोमवार को भारत पहुंचे। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर का स्वागत किया। डेल्फिन ने मेजबानी के लिए जयशंकर को धन्यवाद दिया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि टीम यूरोप भारत के साथ मिलकर बदलाव ला सकता है। दोनों नेताओं ने वैश्विक संकटों और चुनौतियों का सामना करने, रिश्तों को और गहरा करने के साथ-साथ भारत और यूरोपीय संघ के पारस्परिक हितों पर चर्चा की।

जयशंकर ने भी धन्यवाद कहा- मुलाकात की जानकारी देते हुए डेल्फिन ने एक्स पर कहा कि हमारी मेजबानी करने और अच्छी चर्चा के लिए जयशंकर का धन्यवाद। टीम यूरोप और भारत साथ मिलकर बदलाव ला सकते हैं। जयशंकर ने भी भारत के साथ संबंधों को बढ़ाने में उनके योगदान के लिए डेल्फिन को धन्यवाद कहा। गोलमेज सम्मेलन की जानकारी दी- एक्स पर जयशंकर ने कहा, दिल्ली में यूरोपीय संघ के राजदूतों से म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन के अनुभव भी साझा किए। भारत 21 फरवरी को दिल्ली में ऑनलाइन दुष्प्रचार और सूचना हेरफेर के साथ सुरक्षा और नीतिगत पहलुओं पर यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ गोलमेज सम्मेलन की मेजबानी करेगा। इसमें यूरोपीय संघ और भारत के 35 से अधिक विशेषज्ञ शामिल होंगे। यूरोपियन एक्सटर्नल एक्शन सर्विस ने इस संबंध में एक बयान जारी कर कहा कि उनके विशेषज्ञ यूरोपीय संघ-भारत सहयोग के संभावित क्षेत्रों की पहचान करते हुए ऑनलाइन दुष्प्रचार और सूचना हेरफेर के सुरक्षा व नीतिगत पहलुओं को उजागर करेंगे।

## अमेठी में राहुल बोले-जागोगे नहीं, तो भूखे मर जाओगे

रुद्रांश दर्पण- अमेठी

राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का सोमवार को 37वां दिन है। जबकि यूपी में यात्रा का चौथा दिन है। सोमवार को राहुल ने प्रतापगढ़ से यात्रा शुरू की। इसके बाद अपने पुराने संसदीय क्षेत्र अमेठी पहुंचे। उन्होंने गौरीगंज में करीब 1 किलोमीटर की पदयात्रा की। इसके बाद उन्होंने बाबूगंज में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी उनके साथ रहे।

जनसभा में राहुल ने कहा, अगर आप लोग जागोगे नहीं, तो भूखे मर जाओगे। इन्होंने पहले एयरपोर्ट छीन लिया और अब स्कूल-कॉलेज भी ले गए। उन्होंने कहा कि राम मंदिर में राष्ट्रपति का चेहरा तक नहीं देखा। ऐसा भला कहां होता है। शाम 6 बजे राहुल गांधी की जनसभा खत्म हो गई। रात में वह तेंदुआ गांव में विश्राम करेंगे।



इसके बाद कल यानी मंगलवार को रायबरेली, बरेली और लखनऊ के लिए रवाना होंगे।

वहीं, अमेठी से इखढ सांसद स्मृति ईरानी ने राहुल गांधी पर हमला बोला। उन्होंने कहा, "अमेठी के पूर्व सांसद की यात्रा का स्वागत यहां की सूनी सड़कों ने किया है। रामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के न्योते को ठुकराने के बाद अमेठी के लोग पूर्व सांसद और गांधी खानदान से खफा है।"

गौरतलब है कि न्याय यात्रा ने 16 फरवरी को चंदौली से यूपी में एंट्री की थी। 17 फरवरी को राहुल ने काशी में 12 किलोमीटर लंबा रोड शो किया। 18 फरवरी को प्रयागराज के आनंद भवन से यात्रा शुरू हुई। लक्ष्मी टॉकीज चौराहे पर इलाहाबाद यूनिवर्सिटी की छात्राओं ने राहुल को गुलाब के फूल दिए। मऊमाइमा सकरामऊ गांव में राहुल ने रात्रि विश्राम किया।

## पीएम मोदी बोले–यूपी मतलब अल्टीमेट पोटेंशियल, देश में मोदी की गारंटी चर्चा में

रुद्रांश दर्पण-लखनऊ


PM मोदी ने लखनऊ में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 का उद्घाटन किया। 10 लाख करोड़ के 14619 प्रोजेक्ट का शुभारंभ किया। योगी ने यूपी की नई परिभाषा दी। बोले-यूपी मतलब अल्टीमेट पोटेंशियल। देश-दुनिया के करीब 5 हजार मेहमान इस वक्त लखनऊ में हैं।

उम्मीद की जा रही है कि इससे 33.5 लाख से ज्यादा रोजगार मिल सकेंगे। वहीं, अखिलेश यादव ने तंज कसते हुए कहा,₹वोट चाहिए इसलिए ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी हो रही है। ये पहले भी हो सकती थी।₹

पीएम ने कहा, 7-8 साल पहले हम सोच भी नहीं सकते थे कि उत्तर प्रदेश में भी निवेश और नौकरियों को लेकर ऐसा माहौल बनेगा। चारों तरफ अपराध, दंगे इन्हीं की खबरें आती थी, लेकिन आज उत्तर प्रदेश में लाखों करोड़ रुपए का निवेश आ रहा है। मैं उत्तर प्रदेश का सांसद हूं और जब मेरे उत्तर प्रदेश में कुछ होता है तो मुझे बहुत प्रसन्नता होती है।

### यूपी में आज सबसे ज्यादा एक्सप्रेस-वे हैं

आज यूपी वो राज्य है, जहां देश के सबसे ज्यादा एक्सप्रेस-वे हैं। आज यूपी वो राज्य है, जहां देश में सबसे ज्यादा इंटरनेशनल एयरपोर्ट्स हैं। आज यूपी वो राज्य है, जहां देश की पहली रैपिड रेल चल रही है। आज आप दुनिया में कहीं भी जाएं, भारत को लेकर अभूतपूर्व सकारात्मकता दिख रही है। हर देश, भारत की ग्रोथ स्टोरी को लेकर आश्वस्त है, भरोसे से भरा हुआ है। आज देश में मोदी की गारंटी की बहुत चर्चा है, लेकिन आज पूरी दुनिया, भारत को बेहतर रिटर्न की गारंटी मान रही है।



### पहले लोगों को लंबी-लंबी लाइनें लगानी पड़ती थी

प्रधानमंत्री ने कहा कि डबल इंजन सरकार का मकसद है कि कोई भी लाभार्थी, किसी भी सरकारी योजना से वंचित न रहे। पहले की सरकारों में लोगों को अपने ही लाभ पाने के लिए लंबी-लंबी लाइनें लगानी पड़ती थी। एक खिड़की से दूसरी खिड़की तक भागदौड़ करनी पड़ती थी। अब हमारी सरकार खुद गरीब के दरवाजे पर आ रही है। जब तक हर लाभार्थी को उसका हक नहीं मिल जाता, हमारी सरकार शांत नहीं बैठेगी।

### हम 3 करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाएंगे

PM मोदी ने कहा,₹मोदी की गारंटी है कि हर भारत के वासी को उसका हक मिले। चाहे पक्का घर हो, मुफ्त इलाज हो। साथियों मोदी आज उनको भी पूछ रहा है, जिन्हें पहले किसी ने नहीं पूछा। हमने गरीबों के लिए 4 करोड़ मकान बनाए। 10 हजार बहनों को सेल्फ हेल्प ग्रुप से जोड़ा है। अभी तक 1 करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाया जा चुका है। तय किया है कि 3 करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाकर रहेंगे।₹

### मोदी की गारंटी की बहुत चर्चा है...

PM मोदी ने कहा,₹आज आप दुनिया में कहीं भी जाए, भारत को लेकर अभूतपूर्व पॉजीटिविटी दिख रही है। 4-5 दिन पहले कतर की विदेश यात्रा से लौटा हूं। हर देश भारत की ग्रोथ स्टोरी को लेकर पॉजीटिविटी से भरा हुआ है। आज देश में मोदी की गारंटी बहुत चर्चा है। लेकिन पूरी दुनिया भारत को बेहतर रिटर्न की गारंटी मान रही है।₹

# संभल में कल्किधाम का शिलान्यास: मोदी बोले- आज सुदामा कृष्ण को पोटली में कुछ देते तो उन पर भी भ्रष्टाचार का केस हो जाता

रुद्रांश दर्पण- संभल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज (19 फरवरी) संभल के दौरे पर हैं। यहां उन्होंने कल्किधाम मंदिर का शिलान्यास किया। कार्यक्रम में सीएम योगी आदित्यनाथ और कल्किधाम ट्रस्ट के अध्यक्ष भी मौजूद रहे।

मोदी ने कल्किधाम ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रमोद कृष्णम की कई बार तारीफ की। अयोध्या के राम मंदिर, यूएई के मंदिर, भारत की दुनिया में बढ़ती साख और सरकार की उपलब्धियों का जिक्र किया। प्रमोद कृष्णम ने पीएम से कहा कि आपको भावनाओं के अलावा क्या दे सकता हूं। इस पर मोदी ने कहा कि अच्छा है कि आपने भावनाएं दीं। अगर आज के दौर में सुदामा भगवान कृष्ण को पोटली देते तो इसका वीडियो बन जाता, इस पर पीआईएल लग जाती और भ्रष्टाचार का केस हो जाता।

संभल में कल्किधाम का निर्माण कांग्रेस से हाल ही निष्कासित हुए आचार्य प्रमोद कृष्णम करवा रहे हैं। प्रमोद कृष्णम ने पीएम की तारीफ करते हुए कहा कि ढट नरेंद्र मोदी गैरों को अपना बनाने का काम कर रहे हैं। कुछ ऐसे अभागे नेता हैं, जो अपनों को भी गैर बनाने का काम कर रहे हैं।

रविवार (18 फरवरी) को मोदी ने अपने पर कल्किधाम शिलान्यास का जिक्र किया था। उन्होंने लिखा-संभल में श्री कल्किधाम देशभर के श्रद्धालुओं की आस्था का प्रतीक है। यहां दिव्य-भव्य मंदिर के शिलान्यास का सौभाग्य मिलेगा।



### भारत के सपने को पूरा होते देखेंगे

मोदी ने कहा कि 25 साल के कर्तव्य काल में परिश्रम की पराकाष्ठा करनी है। हर प्रयास, हर काम से राष्ट्र को क्या लाभ होगा, ये प्रश्न हमारे मन में सबसे पहले आना चाहिए। यही प्रश्न सामूहिक चुनौतियों के समाधान देगा। कल्कि आशीर्वाद से संकल्पों की ये यात्रा समय से पहले सिद्धि तक पहुंचेगी। सशक्त और समर्थ भारत के सपने को शत-प्रतिशत पूरा होता देखेंगे।

### अर्थव्यवस्था को मजबूत किया, अंतरिक्ष में भी भारत ने झंडे गाड़े

मोदी ने कहा कि हमारी पहचान इनोवेशन हब के तौर पर हो रही है। पहली बार दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था जैसे मुकाम पर पहुंचे। चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव तक पहुंचने वाले पहले देश बने। वंदेभारत और नमो भारत जैसी आधुनिक ट्रेनें चल रही हैं। बुलेट ट्रेन चलने की तैयारी हो रही है। हाईवे और एक्सप्रेस वे की ताकत देश के पास है। पहली बार भारत का नागरिक किसी भी देश में हो, अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रहा है। आत्मविश्वास का ये ज्वार अद्भुत अनुभूति है। शक्ति भी अनंत है और संभावनाएं भी अपार हैं।

राष्ट्र को सफल होने के लिए ऊर्जा सामूहिकता से मिलती है। वेद कहते हैं- निर्माण के लिए हजारों करोडों. हाथ हैं। गतिमान होने के लिए हजारों लाखों करोड़ों पैर हैं। आज हमें भारत में उसी विराट चेतना के दर्शन हो रहे हैं। सबका साथ-सबका विश्वास-सबका प्रयास की भावना से हर देशवासी एक भाव और संकल्प से राष्ट्र के लिए काम कर रहा है।

### हम भविष्य के लिए तैयार रहने वाले लोग हैं

मोदी बोले- प्रमोद जी ने बताया कि कल्कि पुराण में लिखा है- भगवान राम की तरह ही कल्कि का अवतार भी हजारों वर्षों की यात्रा तय करेगा। हम ये कह सकते हैं कि कल्कि काल चक्र के परिवर्तन के प्रणेता भी हैं और प्रेरणास्त्रोत भी हैं। शायद इसलिए कल्कि धाम एक ऐसा अवसर होने जा रहा है, जो उन भगवान को समर्पित है, जिनका अवतार अभी होना बाकी है। सैकड़ों हजारों साल पहले भविष्य को लेकर किस तरह की अवधारणा लिखी गई। हजारों साल के बाद की घटनाओं के बारे में सोचा गया। ये अद्भुत है कि प्रमोदजी जैसे लोग उन मान्यताओं को आगे बढ़ा रहे हैं, मंदिर बना रहे हैं, आराधना कर रहे हैं, जीवन खपा रहे हैं। हम भविष्य को लेकर कितने तैयार रहने वाले लोग हैं। प्रमोदजी सराहना के पात्र हैं। प्रमोद जी को एक राजनीतिक व्यक्ति के रूप में दूर से जानता था। पहली मुलाकात में पता चला कि वे ऐसे धार्मिक अध्यात्मिक कार्यों में कितनी मेहनत से लगे रहते हैं। कल्कि मंदिर के लिए इन्हें पिछली सरकारों से लंबी लड़ाई लडनी पड़ी। कोर्ट के चक्कर लगाने पड़े। बता रहे थे कि एक समय उन्हें कहा जा रहा था कि मंदिर बनाने से शांति व्यवस्था बिगड़ जाएगी। हमारी सरकार में वो निश्चिंत होकर इस काम को शुरू कर पाए हैं।

# यूपी विधान परिषद की संसदीय-सामाजिक सद्भाव समिति ने की समीक्षा

रुद्रांश दर्पण- मेरठ।

यूपी विधान परिषद की संसदीय एवं सामाजिक सद्भाव समिति के सभापति आशुतोष सिंह ने मेरठ व हापुड़ की समीक्षा की, उन्होंने अधिकारियों से अनुसूचित वर्ग के परिवारों के साथ उत्पीड़न की घटनाओं, हत्याओं पर की गई कार्रवाई एवं छात्रवृत्ति के संबंध जानकारी ली। उन्होंने कहा कि पीड़ित महिलाओं और एससी-एसटी समेत अन्य पीड़ितों के मामले को बेहद गंभीरता से ले। व्यापारियों को जीएसटी बकाया के नाम पर परेशान न करें।

विकास भवन सभागार में सभापति आशुतोष सिन्हा की अध्यक्षता में मेरठ व हापुड़ जिले के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गई। इसमें समिति ने विभिन्न प्रकरणों अवैध अतिक्रमण व नियुक्ति की जांच आदि के संबंध में संबंधित अधिकारियों से की गई कार्रवाई बारे में जानकारी ली। समिति ने प्रदेश के विभिन्न संप्रदायों व जातियों के बीच सद्भाव बनाने, सरकारी कर्मचारी एवं अधिकारियों द्वारा कर्तव्यों का पालन करने की भावना को मजबूत करने व अपराधों में संलिप्ट होने की दशा में की गई कार्रवाई के बारे में जानकारी ली।



### जीएसटी की बकाया वसूली के नाम पर न हो व्यापारियों का उत्पीड़न

जीएसटी की बकाया वसूली, पैनाल्टी के संबंध में समीक्षा की, उन्होंने निर्देश दिए कि किसी भी दशा में व्यापारियों का उत्पीडन न किया जाए। व्यापारियों की सुरक्षा व्यवस्था के बारे में पूछा गया। आबकारी विभाग से अवैध शराब के खिलाफ चलाएं अभियान व अभी तक की गई कार्रवाई के बारे में जानकारी ली, कहा कि इस तरह के अभियान लगातार चलाते रहे और कहीं पर भी अवैध व कच्ची शराब की बिक्री न हो सकें।

### नारी निकेतन, बाल संरक्षण गृहो एवं बाल सुधार गृहो का निरीक्षण

उन्होंने कहा कि जिले के बाल संरक्षण गृह एवं महिला सुधार गृहों में रख-रखाव की व्यवस्था के साथ उच्च गुणवत्ता की खाद्य सामग्री दी जाए। डीएम दीपक मीणा ने कहा कि प्रतिमाह जिला न्यायाधीश के साथ नारी निकेतन, बाल संरक्षण गृहो एवं बाल सुधार गृहो का निरीक्षण किया जाता है। उन्होंने बाल सुधार गृह में हुए कार्यों की जानकारी दी। कहा कि महिला सुधार गृहो में संवासनियो को समाज की मुख्य धारा में लाने के लिए उनका विवाह व उनको घर भेजने की कार्यवाही की गई है।

# आज सहारनपुर में होंगे डिप्टी सीएम केशव प्रसाद:लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर जनप्रतिनिधियों से करेंगे चर्चा



रुद्रांश दर्पण- सहारनपुर

डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य आज सहारनपुर लोकसभा चुनाव की तैयारियों का जायजा लेंगे। साथ ही कार्यकताओं के साथ बैठक कर जोश भरेंगे। पार्टी पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर समीक्षा करेंगे।

मंगलवार को डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य सहारनपुर दौरे पर रहेंगे। 11.15 पर गंगोह में हिंदू राष्ट्रीय इंटर कॉलेज में बनाए गए हेलीपैड पर हेलीकाप्टर से उतरेंगे। 11.25 पर योगी-जोगी समाज सम्मेलन में प्रतिभाग करेंगे। 12.55 पर यहां से पुलिस लाइन स्थित हेलीपैड तक पहुंचेंगे।

इसके बाद 1.05 बजे पार्टी पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से वार्ता करेंगे। जिसमें पार्टी की लोकसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा करेंगे। इसके बाद सर्किट हाउस में ही अधिकारयिों के साथ बैठक करेंगे।

1.30 बजे धर्मशाला बेहट पर युवा सैनी समाज के बुद्धिजीवियों के साथ बैठक करेंगे। वह कार्यकताओं को लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटने के लिए जोश भरेंगे। 2.30 बजे वह हेलीकॉप्टर द्वारा मुजफ्फरनगर के लिए रवाना होंगे।

# रोजगार मेले में युवाओं की भीड़:21 कंपनियों ने लिए 497 के साक्षात्कार, 169 को मिला रोजगार

रुद्रांश दर्पण- कानपुर

उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में यदुपति सिंघानिया सेंटर फॉर वोकेशल स्किल डेवलपमेंट कमला नगर कानपुर में सोमवार को एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि भाजपा विधायक नीलिमा कटियार थी।

21 कम्पनियों ने लिया साक्षात्कार- मेला सहप्रभारी श्रवण कुमार शुक्ला ने बताया कि आज मेले में कुल 21 कम्पनियों ने साक्षात्कार लिया था। इसमें लगभग 497 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। विभिन्न कम्पनियों द्वारा अलग-अलग व्यवसायों के कुल 169 तकनीकी एवं गैर तकनीकी अभ्यार्थियों का चयन किया गया। मेले का शुभारम्भ दीप प्रज्जवलन एवं सरस्वती देवी का माल्यापर्ण के साथ किया गया।




विधायक ने दिया नियुक्ति पत्र

विधायक नीलिमा कटियार ने उच्च श्रेणी में ले जाने के लिए प्रशिक्षणार्थियों को पूरी लगन एवं निष्ठा के साथ तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त करने का संदेश दिया। आज के उद्योगों की मांग के अनुसार आईटीआई द्वारा चलाए जा रहे नवीन पाठयक्रम की सराहना करते हुए अभ्यर्थियों को कौशल विकास के हुनर को सीखने के लिए प्रेरित किया। कुछ चयनित अभ्यार्थियों को मुख्य अतिथि द्वारा नियुक्ति पत्र का वितरण भी किया गया।

मेहनत और लगन से मिलता है मुकाम

नीलिमा कटियार ने कहा कि यदि आप पूरी इमानदारी के साथ कोई काम करते है तो सफलता जरूर मिलती है। इसलिए मेहनत और लगन के साथ हर काम को पूरा करे अपने आप मुकाम मिलकर रहेगा। इसके अलावा उन्होंने कहा कि जो लोग आज नौकरी पाकर यहां से जाकर रहे है उनको बहुत बहुत शुभकामनाएं और जिन लोगों को नौकरी नहीं मिली वह निराश न हो, क्यों कि वह लोग यहां से बहुत कुछ सीखकर जाएंगे।

विकासखंड स्तरीय रोजगार मेलों का आयोजन नोडल प्रधानाचार्य डॉ. नरेश कुमार के नेतृत्व में किया जा रहा है। विशिष्ट अतिथि के रूप में कल्याणपुर के ब्लॉक प्रमुख अनुराधा अवस्थी भी उपस्थित थी। मेले में वाईपीएस स्किल सेंटर, कमला नगर व वाईपीएस, स्किल सेंटर, दादानगर के प्रधानाचार्य नरेंद्र सिंह का अहम योगदान रहा।

### मेले में यह लोग भी रहे मौजूद

रोजगार मेले में मुख्य रूप से प्रधानाचार्य मुकेश श्रीवास्तव, विवेक कुमार शुक्ला, कमला नगर के प्रधानाचार्य अनिल चोपड़ा, रूपेश सिंह, प्रमोद पाण्डेय, विभव शुक्ला, इलियास अंसारी, दीपिका विश्वकर्मा, प्राची श्रीवास्तव, सेवायोजन कार्यालय से शैलेन्द्र कुमार, अजय कुमार शुक्ला, कौशल विकास से डीसीएम मुकेश श्रीवास्तव, एमआईएस संजय सिंह, डीपीएम आमिर खान आदि लोग मौजूद रहे।

# कानपुर में व्यापारियों ने सांसद-निवास पर प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन:

रुद्रांश दर्पण- कानपुर

भारतीय कृषि उत्पाद उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने हरियाणा बॉर्डर पर बैठे किसानो द्वारा कृषि उत्पादों पर एम एस पी की कानूनी गारंटी देने या एम एस पी पर कानून बनाने की मांग की है।

मांग मे कृषि उत्पाद से जुड़े व्यापारियों व उद्यमियों पर कानूनी कार्यवाही, मुकदमा व सजा के प्रावधान के विरोध में और देश का हळड से समझौता समाप्त करने की मांग से होने वाली दिक्कतों और इन दोनों मांगों को नहीं मानने को लेकर सांसद सत्यदेव पचौरी के घर के बाहर प्रदर्शन करके उन्हें पी एम को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा। प्रदेश व देश की मंडियों के कृषि उत्पाद के व्यापारियों को जोड़ते हुए एम एस पी पर कानून नहीं बनाने की मांग को लेकर लखनऊ व दिल्ली जायेंगे।

इस मौके पर भारतीय कृषि उत्पाद उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानेश मिश्र ने कहा कि वर्तमान मे हरियाणा बॉर्डर पर चल रहे पंजाब से चले किसानों द्वारा कृषि उत्पादों पर एम एस पी की कानूनी गारंटी देने या एम एस पी पर कानून बनाने की मांग मे कृषि उत्पाद से जुड़े व्यापारियों व उद्यमियों पर कानूनी कार्यवाही, मुकदमा व सजा के प्रावधान होने से देश मे कृषि उत्पाद के फ्री व्यापार होने मे परेशानियों बढ़ेगी।

देश मे 23 या उससे अधिक कृषि उत्पादों की एम एस पी की खरीद पर कानून बनाने का अर्थ किसी धारा के तहत मुकदमा व सजा का प्रावधान भी होगा अर्थात देश के कृषि उत्पाद के व्यापारियों व उद्यमियों के खिलाफ इस धारा का इस्तेमाल होगा जिसका दुरूपयोग होने की पूरी सम्भावना रहेगी।

किसी भी मंडी के कृषि उत्पाद के व्यापारी द्वारा हल्की क्वालिटी के कृषि उत्पाद को नहीं खरीदने पर उस उत्पाद के कुछ समय उपरांत क्वालिटी के और खराब हो जाने पर किसान का भी नुकसान होगा।

कृषि उत्पादों के व्यापारियों पर कानूनी कार्यवाही, मुकदमा व सजा का प्रावधान कृषि उत्पादों के व्यापार व उद्योग मे बहुत बड़ी बाधा उत्पन्न करेगा इस वजह से मंडियो के अंदर व बाहर व्यापार उद्योग प्रभावित होने के साथ किसानो को भी नुकसान की पूरी सम्भावना है और देश मे इज ऑफ डुइंग बिजनेस की अवधारणा को भी प्रभावित करेगा ।

# यूपी में डिजिटल डॉक्टर प्रोजेक्ट में 3350 करोड़ का निवेश:पहले फेज में 22 जिलों से होगी शुरूआत

रुद्रांश दर्पण- लखनऊ

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.ड में ओब्डू ग्रुप ने उत्तर प्रदेश में डिजिटल डॉक्टर क्लीनिक परियोजना को धरातल पर उतारने का ऐलान किया हैं। कऋढ में हुए इस आयोजन में हिस्सा लेने पहुंचे कम्पनी के सीईओ संजय कुमार ने बताया कि यह परियोजना उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ सहित कुल 22 जिलों में शुरू की जा रही हैं। इसके बाद प्रदेश के अन्य जनपदों में इसकी शुरूआत होगी।

### 10 हजार करोड़ के निवेश का दावा

सीईओ संजय कुमार के मुताबिक लगभग दस हजार करोड़ का निवेश किया जा रहा हैं। परियोजना के माध्यम से राज्य के एक लाख नब्बे हजार लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से युवाओं को रोजगार मिलेगा। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि डिजिटल डॉक्टर क्लीनिक टेलीमेडिशन सिद्धांत पर कार्य करनेवाला भारत का पहली परियोजना है जो गांव और सुदूर क्षेत्र में मरीजों की स्वास्थ्य देखभाल के लिए टेलीमेडिशन के साथ-साथ एक स्वास्थ्य से संबंधित कर्मचारी की उपस्थिति में ग्रामीण क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए धरातल पर उतरा हैं।



### AI और ब्लॉकचेन पर हैं आधारित

नई पीढ़ी को ध्यान में रखते हुए उच्च तकनीक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ब्लॉकचेन जैसी तकनीकी का उपयोग ग्रामीण और सुदूर क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्था को दुरुस्त करना तथा अशिक्षित (झोलाछाप) डॉक्टर की लापरवाही से इलाज के दौरान होने वाली मृत्यु दर को कम करना डिजिटल डॉक्टर क्लीनिक का उद्देश्य है।

### बढ़ाई गई निवेश राशि

प्रदेश सरकार और ओब्डू ग्रुप के इस समझौता ज्ञापन के प्रथम चरण में 350 करोड़ का निवेश के लिए टडव किया गया था। जिसकी धरातल पर मांग और सफलता को देखते हुये MOU की राशि को बढ़कर 3 हजार 350 करोड़ कर दिया गया हैं।

कंपनी के सीईओ संजय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि पूरी परियोजना के माध्यम से प्रदेश में 10 हजार करोड़ से अधिक का निवेश होगा। वहीं रोजगार की दृष्टि से यह परियोजना प्रदेश के युवा युवतियो के लिए एक लाख नब्बे हजार नौकरियां बतौर प्रतिनिधि रोजगार प्रदान करेगी।

प्रदेश सरकार की इस पहल से ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिनिधि जागरूकता कार्यक्रम के लिए एनजीओ को भी सेवा और रोजगार करने का मौका दिया है। इस परियोजना में डेढ़ दर्जन से ज्यादा ठऋड अभी कार्यरत है जिन का मुख्य कार्य ग्रामीण तथा सुदूर क्षेत्र में टैली कंसल्टेशन और डिजिटल डॉक्टर क्लीनिक परियोजना के लिए जागरूक कार्यक्रम और अभियान चलाना है। राज्य सरकार की इस पहल से गैर सरकारी संगठनों को भी ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम के लिए सेवा और रोजगार उपलब्ध कराने का अवसर मिला है। सर्वाधिक कुशल कार्य करने वाली तीन एनजीओ को डिजिटल डॉक्टर क्लिनिक प्रोजेक्ट की टीम द्वारा पुरस्कृत भी किया जा सकता है।

### इस मॉडल से होगा काम

डिजिटल डॉक्टर क्लीनिक के माध्यम से ग्रामीण गांव में ही टइइर डॉक्टर से इलाज करा सकेंगे। वही ब्लड टेस्ट की भी सुविधा होगा। जिसके लिए महज 20 रुपये देने होंगे। जिसकी रिपोर्ट तुरंत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के द्वारा परामर्श कर रहे डॉक्टर को सीधे प्राप्त हो जाएगी और मरीज को वह रिपोर्ट 3 मिनट के अंदर ही मिलने की बात कही जा रही हैं।

**इन 22 जिलों से होगी शुरूआत- बुलन्दशहर, प्रयागराज, फतेहपुर, गोंडा, बहराइच, कन्नौज, कानपुर, सीतापुर, हरदोई, रायबरेली, मिजार्पुर, गाजीपुर, वाराणसी, शाहजहांपुर, बांदा, हमीरपुर, प्रतापगढ़, भदोई, कौशाम्बी, चित्रकूट, गोरखपुर और लखनऊ में धरातल पर उतारी जा रही हैं।**

# राहुल गांधी के खिलाफ कोर्ट में परिवाद: पीएम मोदी की जाति को लेकर दिए बयान के खिलाफ परिवाद पेश

रुद्रांश दर्पण- जयपुर



कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के खिलाफ जयपुर की निचली अदालत में परिवाद पेश हुआ है। एडवोकेट विजय कलंदर ने राहुल गांधी के खिलाफ परिवाद पेश किया है। परिवाद में कहा गया है कि राहुल गांधी के पीएम मोदी की जाति के खिलाफ दिए बयान से विभिन्न वर्ग व समुदायों में अविश्वास का भाव पैदा हुआ है।

परिवाद में राहुल गांधी की न्याय यात्रा के दौरान छत्तीसगढ़ में दिए गए बयान का हवाला दिया गया है। इसमें कहा गया है कि राहुल गांधी ने छत्तीसगढ़ में कहा था कि पीएम मोदी जन्मजात ओबीसी नहीं हैं। उनका जन्म ओबीसी वर्ग में नहीं हुआ था। उनके इस बयान को देश की शांति, सुरक्षा, एकता एवं अखंडता के खिलाफ बताया है। परिवाद पर महानगर मजिस्ट्रेट क्रम-11 कोर्ट ने कार्यालय रिपोर्ट के लिए 23 फरवरी की तारीख दी है।

## राहुल गांधी ने खुद की जाति छिपाई

परिवाद में कहा गया है कि राहुल गांधी सार्वजनिक तौर पर खुद को कश्मीरी कौल पंडित बताते हैं, जबकि उनके दादाजी गैर हिन्दू परिवार के थे। अदालत पहले कई फैसलों में कह चुकी है कि पिता की जाति ही बच्चों की जाति होगी। जाति जन्म से होती है और उसे बदला नहीं जा सकता। ऐसे में उन्होंने खुद की जाति छिपाकर बयान दिया है। जिससे परिवादी की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। इसलिए मामले में कानूनी कार्रवाई की जाए।

## राहुल गांधी ने कहा था, नरेंद्र मोदी ओबीसी नहीं पैदा हुए

राहुल गांधी की भारत न्याय यात्रा 8 फरवरी को ओडिशा से छत्तीसगढ़ के रायगढ़ पहुंची थी। यहां राहुल ने कहा था- रमोदी जी पार्लियामेंट में कहते हैं डइड वर्ग को भागीदारी की क्या जरूरत, मैं डइड हूं। सबसे पहले मैं आपको बताना चाहता हूं कि आप लोगों को भयंकर बेवकूफ बनाया जा रहा है। नरेंद्र मोदी जी OBC नहीं पैदा हुए थे।ृ राहुल बोले- श्नरेंद्र मोदी जी तेली कास्ट में गुजरात में पैदा हुए थे। उनकी कम्युनिटी को बीजेपी ने साल 2000 में डइड बनाया। आपके प्रधानमंत्री OBC नहीं पैदा हुए, प्रधानमंत्री जनरल कास्ट में पैदा हुए। वे पूरी दुनिया में झूठ बोल रहे हैं कि वे OBC पैदा हुए। ये पूरी जिंदगी में जाति जनगणना नहीं करेंगे। जाति जनगणना कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी करेगा।ृ

# नवनियुक्त एसपी ने किया पदभार ग्रहण

रुद्रांश दर्पण-चित्तौड़गढ़



आईपीएस सुधीर जोशी ने नए जिला पुलिस अधीक्षक के रूप में आज सोमवार को पदभार ग्रहण किया। उन्होंने इस दौरान साइबर क्राइम पर अंकुश लगाना और एनडीपीएस के अपराधियों पर नियंत्रण रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि यह जिला उनके लिए नया नहीं है। पहले भी वो इस जिले में दो बार काम कर चुके है। ऐसे में उन्हें उनका पुराना अनुभव काम आएगा।

## अधिकारियों से मिलकर लिए जिले के अपडेट

नव नियुक्त जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी करीब 12.15 बजे चित्तौड़गढ़ पहुंचे। यहां उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उन्होंने अपना पद संभालते हुए ज्वाइनिंग लेटर पर साइन किया। इनके बाद उन्होंने सभी अधिकारियों से मुलाकात की और जिले से जुड़े अपडेट लिए। एसपी सुधीर जोशी ने कहा कि सरकार और पुलिस मुख्यालय की जो भी प्राथमिकता है, उसके अनुरूप ही काम किया जाएगा। सरकार के निर्देश हैं कि आम आदमी की सुनवाई हो। जल्द से जल्द न्याय मिले। अपराधियों में पुलिस का डर हो और आम आदमी में विश्वास हो। इसी ध्येय बनाकर काम किया जाएगा।

## एनडीपीएस के अपराधियों पर नियंत्रण रखा जाएगा

आईपीएस जोशी ने कहा कि यह जिला उनके लिए नया नहीं है। यहां पर पहले भी साल 1999 में उन्होंने अपना प्रोबेशन पीरियड पूरा किया है। उसके बाद साल 2018 में वे जिले के एडिशनल एसपी रह चुके है। ऐसे में उन्हें चित्तौड़गढ़ जिले से जुड़े पुराने अनुभव हैं। उन्होंने कहा कि मेरे पुराने अनुभव के अनुसार चित्तौड़गढ़ एनडीपीएस का क्षेत्र है। कोशिश रहेगी कि संगठित अपराध खास कर एनडीपीएस के अपराधियों पर नियंत्रण रखा जाए। क्राइम के मामले को मिनिमाइज किया जाए।

## साइबर क्राइम पर अंकुश लगाने की करेंगे कोशिश

साइबर क्राइम को लेकर उन्होंने कहा कि निश्चित तौर पर आज साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहा है। रोकने के लिए हर कोशिश की जाएगी। इसके लिए हम दो तरह की कोशिश करेंगे। पहले लोगों में जागरूकता लाने की कोशिश करेंगे, ताकि वह साइबर क्राइम का शिकार ना बने और फिर भी अगर वह बनते हैं तो मामला दर्ज कर जल्दी से जल्दी आरोपियों तक पहुंचाने की कोशिश करेंगे। इसके अलावा उन्होंने कहा कि चित्तौड़गढ़ जिला एक महत्वपूर्ण जिला है। पास में एमपी बॉर्डर पड़ता है। लोकसभा चुनाव भी करीब है। ऐसे में माकूल व्यवस्था कर शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव करवाने की कोशिश की जाएगी।

# विधि क्षेत्र में मिला पहला प्रोफेसर एसआर भंसाली नेशनल अवार्ड

रुद्रांश दर्पण- जयपुर



विधि के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सोनीपथ यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रोफेसर परमजीत एस जसवाल को पहला प्रोफेसर एसआर भंसाली नेशनल अवार्ड दिया गया। अवार्ड समारोह में मद्रास हाई कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायधीश और वर्तमान में पीएमएलए और सैफमा ट्रिब्यूनल के चेयरमैन जस्टिस एम एन भंडारी ने प्रोफेसर परमजीत सिंह को 1लाख रुपए का चैक, शॉल और सम्मान पत्र भेंट किया।

राजस्थान यूनिवर्सिटी के जियोग्राफी डिपार्टमेंट के ऑडिटोरियम में आयोजित हुए इस समारोह में गोवा की इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रोफेसर आर वेंकटराव, हरिदेव जोशी यूनिवर्सिटी की वाइस चांसलर प्रोफेसर सुधि राजीव, राजस्थान सरकार के एडवोकेट जनरल राजेंद्र प्रसाद और कुल 7 यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर मौजूद रहे। कार्यक्रम का आयोजन प्रोफेसर एस आर भंसाली ट्रस्ट की ओर से किया गया। इस मौके पर भंसाली परिवार के सदस्य भी मौजूद रहे।

## अवार्ड के लिए आए 58 नॉमिनेशन

कार्यक्रम के संयोजक डॉ अनिल भंसाली ने बताया कि प्रोफेसर एसआर भंसाली नेशनल अवार्ड के लिए कुल 58 नॉमिनेशन प्राप्त हुए थे। इसमें से ज्यूरी ने विधि क्षेत्र में उत्कृष्ट काम करने के लिए सोनीपथ यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रोफेसर परमजीत एस जसवाल को चुना। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रोफेसर जसवाल ने युवाओं को लेकर कहा कि युवा अपनी रूचि के अनुरूप ही काम करें। बिना रुचि के किसी भी दबाव में काम नहीं करना चाहिए। उन्होंने युवाओं को कहा कि वे लगातार घड़ी की तरह अपने लक्ष्य की ओर बढ़ते रहें। आपको एक दिन सफलता जरूर मिलेगी।

## प्रोफेसर भंसाली के सम्मान में शुरू किया गया अवार्ड

यह अवार्ड लॉ के क्षेत्र में बड़ा योगदान देने वाले जय नारायण व्यास यूनिवर्सिटी की लॉ फैकल्टी के डीन रहे और एमिरेट्स प्रोफेसर की उपाधि प्राप्त स्वर्गीय प्रोफेसर डॉ एस आर भंसाली के सम्मान में शुरू किया गया था।

प्रोफेसर भंसाली ने कॉरपोरेटिव लॉ ऑफ राजस्थान और गुजरात, कॉन्स्टिट्यूशनल लॉ, ह्यूमन राइट्स, ट्रांसफर ऑफ प्रोपर्टी एक्ट, कन्ज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट, साइबर सिक्योरिटी लॉ, इन्फोर्मेशन टेक्नोलॉजी एक्ट, डोमेस्टिक वॉयलेंस एक्ट पर 40 से ज्यादा किताबें लिखी हैं।

# कांग्रेसियों ने इनकम टैक्स ऑफिस के बाहर धरना दिया, कहा-खातों को सीज करना हिटलरशाही



रुद्रांश दर्पण -कोटा

कांग्रेस के अकाउंट सीज किए जाने के विरोध में कोटा में भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। शहर अध्यक्ष रविंद्र त्यागी की अगुवाई में कार्यकर्ता इनकम टैक्स ऑफिस के बाहर 2 घंटे तक धरना दिया और बीजेपी सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। कांग्रेसियों ने कहा कि बीजेपी की सरकार ने संवैधानिक संस्थाओं मुद्?ठी में कर रखा है। तानाशाही व हिटलरशाही से काम कर रही है।

रविंद्र त्यागी ने कहा- देश में बीजेपी का शासन है। बीजेपी ने चुनाव आयोग , इनकम टैक्स, सीबीआई सहित सभी संवैधानिक संस्थाओं को अपनी मुट्ठी में कर रखा है और उनका दुरुपयोग किया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा चुनावी बॉन्ड को रद्द करने के अगले दिन केन्द्र सरकार के इशारे पर आयकर विभाग ने कांग्रेस के खातों को फ्रिज करने की कार्रवाई की। ये सीधे-सीधे लोकतंत्र की हत्या करने जैसा है। मोदी सरकार ने बिना किसी वैध कारण के भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस और भारतीय युवा कांग्रेस के बैंक खातो को फ्रिज करके एक अचंभित करने वाला क्रूर कदम उठाया है। ऐसी घटना इतिहास में कभी नहीं हुई। इस कार्रवाई के विरोध में देश भर में कांग्रेस कार्यकर्ता इनकम टैक्स कार्यालय के बाहर प्रदर्शन कर रहे हैं। अगर इस तरीके की कार्रवाई जारी रही तो कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी सड़क पर उतरकर आंदोलन करेगी।

# आईपीएस राजर्षी राज वर्मा ने संभाला डूंगरपुर एसपी का कार्यभार:

## कहा- बीट प्रणाली और सूचना तंत्र को किया जाएगा मजबूत

रुद्रांश दर्पण डूंगरपुर



आईपीएस राजर्षी राज वर्मा ने सोमवार को डूंगरपुर एसपी का कार्यभार संभाल लिया है। कार्यभार संभालने के बाद एसपी वर्मा ने कहा कि बीट प्रणाली और सूचना तंत्र को मजबूत करने के साथ शराब तस्करी पर लगाम लगाना प्राथमिकता है।

टोंक एसपी पद से स्थानांतरित होकर आईपीएस राजर्षी राज वर्मा सोमवार को डूंगरपुर पहुंचे। डूंगरपुर सर्किट में एएसपी निरंजन चारण, डूंगरपुर डिप्टी तपेन्द्र मीणा, आसपुर डिप्टी रतन चावला और कोतवाली सीआई सुरेन्द्र सोलंकी ने उनका स्वागत किया। वही इसके बाद आईपीएस राजर्षी राज वर्मा ने एसपी ऑफिस पहुंचकर डूंगरपुर एसपी का कार्यभार संभाला। कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने जिले में पुलिस बीट प्रणाली और सूचना तंत्र को मजबूत करने के साथ शराब तस्करी पर लगाम लगाने को अपनी प्राथमिकता बताया है। इसके साथ ही पुलिस मुख्यालय से प्राप्त लक्ष्यों को 100 प्रतिशत पूर्ण करने के साथ जिले में अपराधों पर नियंत्रण और कानून व्यवस्था को भी बनाए रखने में उनका फोकस रहेगा।

# मंच पर साकार हुई सतरंगी संस्कृति

रुद्रांश दर्पण भरतपुर। राजस्थान की सतरंगी संस्कृति सोमवार को भरतपुर के स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में साकार हो उठी। जिला प्रशासन, पर्यटन विभाग एवं लोहागढ़ विकास परिषद के संयुक्त तत्वावधान में विश्वप्रिय शास्त्री पार्क में आयोजित सांस्कृतिक संध्या में प्रदेश के नामचीन लोक कलाकारों ने लोक गायकी एवं लोकनृत्य की छटा बिखेरी।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित सांस्कृतिक संध्या में लोक कलाकारों ने खुले मंच पर मनमोहक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य अतिथि ने भरतपुरवासियों को स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि अजेय भरतपुर की धरा राजस्थान की शान है। यहां की लोक संस्कृति एवं गौरवशाली इतिहास हमेशा प्रेरणा देता रहा है।

# अमृत योजना के तहत पेयजल लाइन बिछाने का काम तेज

रुद्रांश दर्पण बारां।

शहर में साल 2017 में शुरू की गई अमृत योजना अब भी अधर में है। योजना के तहत शहर में नई पाइप लाइन बिछाकर लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का कार्य जून 2019 तक पूरा करना था, लेकिन कार्य पूरा नहीं होने के कारण लोगों को योजना का फायदा नहीं मिला है। ऐसे में शहर की कई इलाकों और नगर परिषद क्षेत्र में शामिल 11 गांवों में शुद्ध पेयजल नहीं पहुंच पा रहा है। अब सरकार बदलने के बाद जनप्रतिनिधियों ने योजना का कार्य जल्द पूरा करने और पेयजल सप्लाई शुरू करने के निर्देश दिए हैं। ऐसे में अब योजना को लेकर लंबे समय से धीमा चल रहा काम गति पकड़ने लगा है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार अमृत सिटी योजना कार्य 2017 में शुरू हुआ था। इसके तहत पेयजल के लिए 12 टंकियां, 370 किमी में मुख्य और राइजिंग लाइन डाली जानी है। टंकियों का कार्य लगभग पूरा हो गया है, लेकिन राइजिंग और मुख्य लाइन डालने का कार्य लंबे समय से ठेकेदार की ओर से धीमी गति से किया जा रहा था। इसके कारण योजना को शुरू करने में लगातार देरी हो रही है, जिसके कारण शहर की कई पॉश कालोनियां समेत नगर परिषद क्षेत्र में शामिल 11 गांवों को लोगों को शुद्ध पेयजल की सप्लाई नहीं मिल रही थी। इन क्षेत्रों में लोगों को ट्यूबवेल से पानी की सप्लाई लेने को मजबूर होना पड़ रहा है।

# JDA की बैठक में 2125 करोड़ का बजट पारित:जोजरी नदी पर बनेगा रिवर फ्रंट

रुद्रांश दर्पण जोधपुर



जोधपुर विकास प्राधिकरण बोर्ड बैठक सोमवार को संभागीय आयुक्त बीएल मेहरा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जोधपुर जेडीए क्षेत्र में अलग-अलग विकास कार्यों के लिए 2125 करोड़ रुपए के बजट का खाका तैयार किया गया है।

बैठक में जोजरी नदी पर रिवर फ्रंट व झालामंड में सीवरेज ट्रिटमैंट प्लांट बनाने के लिए, बजट का अनुमोदन किया गया। इसके साथ ही बैठक में शहर की पार्किंग व्यवस्था,कायलाना पर रिंग रोड व माचिया व ब्लू सिटी कॉरिडोर को लेकर भी बजट जारी किया गया है।

बैठक में प्राधिकरण का वित्तीय वर्ष 2024-25 का बजट पारित किया गया। इस दौरान जेडीए आयुक्त उत्साह चौधरी, सचिव डॉ. हरीतिमा, कलेक्टर प्रतिनिधी, जेडीए निदेशक, पीडब्लूडी, पीएचईडी, आरएचबी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। वित्तीय वर्ष 2024-25 के प्रस्तावित बजट का 2125 करोड़ रखा गया है।

इन कार्यों के लिए बजट किया गया पारित

- जोधपुर में पाल रोड पर कॉक्स कुटीर से लुणी पंचायत समिति कार्यालय तक फ्लाईओवर डीपीआर कार्य के लिए 13500 लाख रुपए परित किए गए।
- प्रस्तावित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट 10 एमएलडी झालामण्ड व जोजरी रिवर फ्रंट डीपीआर व निर्माण कार्य के लिए 13000 लाख रुपए।
- कायलाना रिंग रोड की डीपीआर व निर्माण कार्य के लिए 4000 लाख रुपए तथा सोजती गेट मल्टीलेवल पार्किंग निर्माण कार्य के लिए 6200 लाख रुपए का बजट प्रावधान किया गया है।
- स्मार्ट ट्रैफिक सॉल्यूशन यातायात सिग्नल लाईट रखरखाव कार्य के लिए 800 लाख रुपए।
- गणेश मन्दिर क्षेत्र में सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्यों के लिए 500 लाख रुपए।
- ब्ल्यू सिटी कॉरिडोर व घंटाघर के विकास कार्यों के लिए 500 लाख रुपए।
- माचिया सफारी पार्क में विकास कार्यों के लिए 550 लाख रुपए।

# ग्रामीणों ने कलेक्टर को दिया गुलाब का फूल: कार्यालय के गेट पर दण्डवत प्रणाम किया



रुद्रांश दर्पण अगरपुरा ।

पिछले लंबे समय से कीचड़ की समस्या से परेशान अगरपुरा के ग्रामीणों को उनकी समस्या से मुक्ति जल्दी ही मिल जाएगी। ग्रामीणों के कीचड़ में लौटने और सद्बुद्धि यज्ञ के बाद जिला प्रशासन ने 5 लाख का बजट स्वीकृत किया है और जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को शीघ्र ही नाली और सड़क बनाने के लिए निर्देशित किया है।

इसी को लेकर आज अगरपुरा के ग्रामीण जिला कलेक्टर कार्यालय में गुलाब का फूल लेकर पहुंचे और जिला कलेक्टर कार्यालय के बाहर दंडवत प्रणाम कर उन्हें उनकी समस्याओं से मुक्ति दिलाने के लिए जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया।

ग्रामीण नारायण भदाला का कहना था कि अब तक जिला कलेक्टर कार्यालय पर केवल लोगों द्वारा धरना प्रदर्शन और विरोध किया गया है। हम ग्रामीणों की मांग जिला कलेक्टर ने सुनी उसका निराकरण किया इसलिए हम धन्यवाद देने आज जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचे हैं। दंडवत प्रणाम करके हमने जिला कलेक्टर का धन्यवाद ज्ञापित किया है और हम उन्हें गुलाब फूल भी दे रहे हैं।

# जिला कलक्टर ने किया जिला परिषद् एवं पंचायत समिति का निरीक्षण

रुद्रांश दर्पण-गंगापुर सिटी
पुरुषोत्तम प्रजापत



राज्य सरकार के निर्देशानुसार गुड गवर्नेंस के तहत जिला कलक्टर डॉ. गौरव सैनी ने सोमवार को जिला परिषद् एवं पंचायत समिति का प्रातः ९:३० बजे औचक निरीक्षण किया।

जिला कलक्टर ने बताया कि निरीक्षण के दौरान प्रातः कार्यालय समय पर जिला परिषद् के ०२ एवं पंचायत समिति के ०३ कार्मिक अनुपस्थित अथवा लेट पाए गए। जिन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश जिला परिषद् के अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलेंद्र सिंह एवं विकास अधिकारी अनिता मीना को दिए।

अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने बताया कि उक्त लेट आने वाले अथवा अनुपस्थित कार्मिकों को जिला कलक्टर के निर्देशानुसार उनके द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है साथ ही लेट आने वाले कार्मिकों की हाफ - डे सीएल मार्क की गई है और नित प्रतिदिन कार्यालय समय पर आने के निर्देश दिए गए हैं।

# पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित होगी गाजसर गिनाणी:कलेक्टर ने लिया विकास कार्यों का जायजा



रुद्रांश दर्पण- चूरू

जिला कलेक्टर पुष्पा सत्यानी ने सोमवार को गाजसर गिनाणी पर चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान सत्यानी ने कहा कि गाजसर गिनाणी एक मुख्य समस्या थी, जिसके समाधान के लिए सरकार ने 10.76 करोड़ की लागत से गाजसर गिनाणी के अपग्रेडेशन का कार्य मंजूर किया गया था। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही योजना बनाकर इस क्षेत्र को पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित किया जाएगा।

जिला कलेक्टर पुष्पा सत्यानी ने कहा कि चूरू क्षेत्र में गिनाणी के अपग्रेडेशन का कार्य सरकार का मुख्य कार्य रहा है। उन्होंने बताया कि गिनाणी पर एक बड़ा पम्पिंग स्टेशन बनाया जाकर गिनाणी से पानी को पम्पिंग किया जाकर चिमनाणा जोहड़ में छोड़ा जा रहा है। इसके साथ ही कुछ किसानों ने पाइप लाइन से अपने खेतों में कनेक्शन भी ले रखे हैं, जिससे उनकी खेती में फायदा हो रहा है। अब पंजाब-हरियाणा की तर्ज पर उनके खेत भी लहलहाने लगे हैं।

सत्यानी ने बताया कि गिनाणी के चारों तरफ सड़क का निर्माण कार्य करवाया जा चुका है, जिससे आवागमन मे भी सुविधा रहेगी। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही योजना बनाकर इस क्षेत्र को पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित किया जाएगा।

# सार्वजनिक आवश्यक सेवाओं से संबंधित समीक्षा बैठक सम्पन्न

रुद्रांश दर्पण-गंगापुर सिटी
पुरुषोत्तम प्रजापत



जिला कलक्टर डॉ. गौरव सैनी की अध्यक्षता में सोमवार को कलक्ट्रेट में सार्वजनिक आवश्यक सेवाओं से संबंधित जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिला कलक्टर ने सार्वजनिक आवश्यक सेवाओं की सूचारू रूप से आपूर्ति, जिले में संचालित विकास कार्य, 100 दिवसीय कार्ययोजना, बजट घोषणा, विभागीय फ्लैगशिप योजना, संपर्क पोर्टल एवं जनसुनवाई में प्राप्त परिवादों के निस्तारण आदि की वर्तमान स्थिति एवं प्रगति की विभागवार समीक्षा की।

जिला कलक्टर ने समस्त विभागों के प्रभारी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि उनके विभाग के अन्तर्गत संचालित आवश्यक सेवाओं से संबधित विकास एवं मरम्मत के कार्यों, बजट घोषणाओं से संबंधित चल रहे निर्माण कार्यों, 100 दिवसीय कार्ययोजना एवं फ्लैगशिप योजनायों में निर्धारित लक्ष्य को तय समयावधि में पूर्ण करना सुनिश्चित किया जाए। वहीं 181, संपर्क पोर्टल एवं जनसुनवाई में प्राप्त परिवादों का समयबद्ध निस्तारण भी सुनिश्चित किया जाऐ

जिला कलक्टर ने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अन्तर्गत संचालित नॉन-पेचेबल, पेचेबल, मिसिंग लिन्क आदि परियोजनाओं के अंतर्गत निमार्णाधीन, नए स्वीकृत एवं प्रस्तावित सड़क निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की साथ ही जिला परिषद के अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलेन्द्र सिंह एवं नगर परिषद आयुक्त रिंकल गुप्ता को अपने-अपने क्षेत्र से पीडबल्यूडी से संबन्धित सड़क व अन्य निर्माण कार्यों का विस्तृत ब्योरा अग्रिम कार्यवाही हेतु जल्द से जल्द अधीक्षण अभियंता हरिसिंह मीना को सौपने के निर्देश दिये वहीं इन समस्त कार्यों को चरणबद्ध तरीके से नियमानुसार तय समय सीमा में निर्धारित गुणवत्ता मानकों के साथ संपादित करने के निर्देश पीडबल्यूडी के अधीक्षण अभियंता को दिए।

बैठक के दौरान जिला कलक्टर ने जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधिशासी अभियंता रामकेश मीना से सप्ताहभर में अब तक किए गए नल कनेक्शनों का ब्यौरा लियो साथ ही जल जीवन मिशन में वर्तमान प्रगति की समीक्षा की साथ ही उन्होंने अधिशासी अभियंता को जिले में निर्बाध रूप से पेयजल आपूर्ति के निर्देश देते हुए कहा कि वे उनके विभाग के अन्तर्गत जलापूर्ति के लिए मौजूद समस्त आवश्यक उपकरणों का नियमित रूप से रखरखाव एवं मरम्मत के माध्यम से सुचारू संचालन सुनिश्चित करें। वहीं शहर एवं गावों के दूरस्थ एवं बाधित जलापूर्ति क्षेत्रों में उपलब्ध कराये जाने वाले पेयजल के नियमित परिवहन एवं निर्बाध आपूर्ति को भी प्राथमिकता दें।

जिला कलक्टर ने अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी को पीएचईडी से प्राप्त सूची के आधार पर जहाँ-जहाँ भी जल जीवन मिशन योजना के तहत कार्य पूर्ण हो चुका है की आवश्यक जांच करवाकर नियमानुसार ग्राम जल और स्वच्छता समिति (वी.डबल्यू.एस.सी.) से हर घर जल प्रमाण पत्र संबन्धित विभाग को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत जिले में संचालित समस्त जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिला कलक्टर ने सीएमएचओ बीएल मीना को निर्देशित करते हुए कहा कि वे दूध, मिठाइयाँ, मसाले आदि खाद्य पदार्थों की खाद्य निरीक्षक के माध्यम से नियमित सेंपलिंग भिजवाकर लेब से जांच करवाएँ, जिससे मिलावट के जहर से जिलेवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और मिलावट करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके साथ ही चिकित्सा एवं स्वस्थ्य विभाग के अधीन संचालित राजकीय अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता के उच्चत्तम स्तर को सुनिश्चित करने के निर्देश सीएमएचओ को दिये जिससे आमजन निजी अस्पतालों से ज्यादा गुणवत्तापूर्ण इलाज के लिए राजकीय अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केन्द्रों को तरजीह दे सकें उन्होने कहा कि नियमित रूप से औचक निरीक्षण आदि के माध्यम से प्रभावी मॉनिटरिंग भी रखी जाऐ वहीं अब तक उच्च अधिकारियों द्वारा किए गए निरीक्षणों में पाई गई कमियों को दूर कर प्रगति रिपोर्ट जिला मुख्यालय को भिजवाना भी सुनिश्चित किया जाऐ

डॉ. सैनी ने सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग के अंतर्गत पेंशन सत्यापन, पालनहार योजना की वर्तमान स्थिति एवं अब तक की प्रगति का संबन्धित प्रभारी अधिकारी से विस्तृत ब्यौरा लिया और आवश्यक दिशा निर्देश दिये

उन्होंने नगर परिषद आयुक्त से जिले में नियमित साफ सफाई की वर्तमान स्थिति का जायजा लिया एवं सफाई कार्मिकों की उनके कार्यक्षेत्र के अनुसार जिम्मेदारी तय करने के निर्देश दिये साथ नगर परिषद के अंतर्गत संचालित समस्त अन्नपूर्ण रसोइयों में आमजन को उपलब्द कराये जा रहे भोजन के मेनू में राज्य सरकार के निदेर्शानुसार श्री अन्न को सम्मिलित करने के निर्देश नगर परिषद आयुक्त को दिये वहीं जिला परिषद के अधीन संचालित रसोइयों के लिए उक्त आदेश अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी को दिये

जिला कलक्टर ने विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता ओमप्रकाश सिंह नरुका को विद्युत की सुचारू आपूर्ति के लिए जरूरी उपकरणों की कार्यशीलता एवं सुरक्षा को नियमित निगरानी के माध्यम से सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। वहीं जिले में विद्युत चोरी के प्रकरणों पर लगाम लगाए रखने एवं दोषियों पर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए। साथ ही संबन्धित विभागीय फ्लैगशिप योजनाओं में अधिक से अधिक पात्र जनों को लाभान्वित कर निर्धारित लक्ष्य को तय समय सीमा में प्राप्त करने के आदेश भी दिये इस दौरान शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति, कृषि विद्युत कनेक्शन, सीएम निःशुल्क बिजली योजना, 33 केवी सब स्टेशन के निर्माण, विद्युत विभाग के साथ अन्य विभागों के अंतर्विभागीय परिवाद एवं मुद्दे आदि की समीक्षा कर विस्तृत चर्चा की गई

समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वे दैनिक जनसुनवाई एवं संपर्क पोर्टल पर प्राप्त परिवादों की निस्तारण रिपोर्ट, 100 दिवसीय कार्ययोजना एवं उसके अनुसार साप्ताहिक प्रगति रिपोर्ट, निरीक्षण प्रारूप, विभिन्न विभागीय फ्लैगशिप योजना में प्रगति रिपोर्ट नियमित रूप से निश्चित समयावधि पर जिला मुख्यालय भिजवाना सुनिश्चित करें

बैठक के दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे

# महाकुंभ में देश के सामने होगी हिंदू आचार संहिता 351 साल बाद काशी विद्वत परिषद ने की तैयार

रुद्रांश दर्पण- वाराणसी



351 वर्षों के बाद हिंदू आचार संहिता बनकर तैयार है। चार साल के अध्ययन, मंथन के बाद इसे काशी विद्वत परिषद और देशभर के विद्वानों की टीम ने बनाया है। इस पर प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ में शंकराचार्य और महामंडलेश्वर अंतिम मुहर लगाएंगे, फिर धमार्चार्य नई हिंदू आचार संहिता को स्वीकार करने का आग्रह देश की जनता से करेंगे।

महाकुंभ 2025 में होगा। देश को एकसूत्र में पिरोने और सनातन धर्म को मजबूत करने के लिए हिंदू आचार संहिता तैयार की गई है। कर्म और कर्तव्य प्रधान हिंदू आचार संहिता के लिए स्मृतियों को आधार बनाया गया है। इसमें श्रीमद्भागवत गीता, रामायण, महाभारत और पुराणों का अंश शामिल किया गया है।

नई आचार संहिता तैयार करने की जिम्मेदारी काशी विद्वत परिषद को सौंपी गई थी। इसके लिए 70 विद्वानों की 11 टीम और तीन उप टीम बनाई गई थी। हर टीम में उत्तर और दक्षिण के पांच-पांच विद्वान सदस्यों को रखा गया था। टीम ने 40 बार से अधिक बैठक की है। मनु स्मृति, पराशर स्मृति और देवल स्मृति को भी आधार बनाया गया है।

### षोडश संस्कारों को किया है सरल

हिंदू आचार संहिता में षोडश संस्कारों को सरल किया गया है। खासकर मृतक भोज के लिए न्यूनतम 16 की संख्या निर्धारित की गई है। अशौच के विधान का पालन करना होगा।

नहीं हो रहा था स्मृतियों का निर्माण

काल के अनुसार स्मृतियों का निर्माण हुआ। सबसे पहले मनु स्मृति, फिर पाराशर और इसके बाद देवल स्मृति का निर्माण हुआ। 351 सालों से स्मृतियों का निर्माण नहीं हो सका था।

### पहली बार छापी जाएंगी

### एक लाख प्रतियां

महाकुंभ में वितरण के लिए पहली बार एक लाख प्रतियां हिंदू आचार संहिता की छापी जाएंगी। इसके बाद देश के हर शहर में 11 हजार प्रतियों का वितरण किया जाएगा।

### महिलाओं को वेद अध्ययन व यज्ञ की अनुमति

हिंदू आचार संहिता में हिंदुओं को मंदिरों में बैठने, पूजन-अर्चन के लिए समान नियम बनाए गए हैं। महिलाओं को अशौचावस्था को छोड़कर वेद अध्ययन और यज्ञ करने की अनुमति दी गई है। प्री-वेडिंग जैसी कुरीतियों को हटाने के साथ ही रात्रि के विवाह को समाप्त करके दिन के विवाह को बढ़ावा दिया जाएगा।

भारतीय परंपरा के अनुसार, जन्मदिन मनाने पर जोर दिया गया है। घर वापसी की प्रकिया को आसान किया गया है। विधवा विवाह की व्यवस्था को भी इसमें शामिल किया गया है।

# सांसद खेल स्पर्धा में खिलाडियों ने दिखाया उत्साह: 500 से अधिक खिलाड़ी हुए शामिल

रुद्रांश दर्पण-कानपुर



मोदी सरकार के ह्यह्यखेलो इण्डिया अभियान के अन्तर्गत कानपुर लोकसभा सांसद सत्यदेव पचौरी ने सोमवार को अपने संसदीय क्षेत्र में टेबल टेनिस एवं बैडमिण्टन प्रतियोगिता का आयोजन कराया। आज ग्रीनपार्क के बहुद्देशीय हाल में बैडमिंटन व टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बैडमिंटन में 300 और टेबल टेनिस में 200 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

### टेबल टेनिस प्रतियोगिता के परिणाम

पहला क्वार्टर फाइनल मुकाबले में अपराजित सिंह (डीपीएस बर्रा) ने विराट गुप्ता (डीपीएस आजाद नगर) को 3-1 से हराया। दूसरे क्वार्टर फाइनल में कुशाग्र तिवारी (पदमपत सिंघानिया) ने आदित्य राज सिंह (सनातन धरम) को 3-1 से हराया। तीसरी तिमाही के फाइनल में मानस पोपटानी (पदमपत सिंघानिया) ने अर्नव भाटिया (जी डी गोयनका) को 3-1 से हराया। चौथी तिमाही के फाइनल में दुर्वंक (चिंटेल्स स्कूल) ने अयान गुप्ता (सनातन धर्म) को 3-0 से हराया।

इसके बाद सेमीफाइनल में अपराजित सिंह (डीपीएस बर्रा) ने कुशाग्र तिवारी (पदमपत सिंघानिया) को 3-0 से हराया। दूसरे सेमीफाइनल में दुर्वंक (चिंटल्स स्कूल) ने मानस पोपटानी (पदमपत सिंघानिया) को 3-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश कर गए।

### बैडमिंटन के परिणाम

अंडर 11 बालिका वर्ग में आरणा द्विवेदी, श्रेयस झा ,अनिल रावत ,सौरभ मौर्य, सानिध्य रोहिरा, प्रशांत ,प्रशस्ति शुक्ला, निकिता भाटिया ,आदित्य कृष्णवंशी, तृषा तिवारी, अथर्व यादव, कुणाल शर्मा, सिद्धि झा, दिव्यांशु सोनकर, धैर्य ठक्कर, नचिकेत मिश्रा, संविका गुप्ता, संयोगिता रेड्डी, परिधि आदि ने अगले चक्र में प्रवेश किया हैं।

### इन लोगों ने खिलाड़ियों का बढ़ा जोश

प्रतियोगिता संयोजक संजीव पाठक (अंतरराष्ट्रीय टेबल टेनिस खिलाड़ी एवं अध्यक्ष उत्तर प्रदेश टेबल टेनिस एसोसिएशन), उत्तर जिला अध्यक्ष दीपू पांडेय, दक्षिण जिला अध्यक्ष शिवराम सिंह, प्रकाश शर्मा, सुरेश अवस्थी ,मणिकांत जैन ,राजेश भदौरिया, संतोष शुक्ला, अनीता गुप्ता के अलावा, सुनील सिंह (टेबल टेनिस प्रभारी), आशुतोष सत्यम झा (बैडमिंटन प्रभारी), संजय टंडन, डीपी सिंह (सचिव), अविनाश यादव, रमेश यादव(बैडमिंटन कोच ),अभिसारिका यादव (टी टी कोच) नरेंद्र शाह ने खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया।

# सुधीर चौधरी ने जैसलमेर पुलिस अधीक्षक का कार्यभार संभाला: SP बोले- पर्यटन नगरी में सैलानियों की सुरक्षा प्राथमिकता रहेगी

रुद्रांश दर्पण- जैसलमेर



आईपीएस सुधीर चौधरी ने सोमवार को जैसलमेर एसपी का कार्यभार ग्रहण किया। कार्यभार ग्रहण करने से पहले पुलिस अधीक्षक कार्यालय के बाहर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। वहीं पुलिस अधिकारियों एवं पुलिस जवानों ने रढ सुधीर चौधरी का स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने सभी पुलिस अधिकारियों से मुलाकात कर उनसे जिले की स्थिति को लेकर चर्चा की।

गौरतलब है कि शनिवार को आईपीएस तबादला सूची आने के बाद जैसलमेर एसपी विकास सांगवान का हनुमानगढ़ तबादला होने के बाद नव नियुक्त कढर सुधीर चौधरी ने पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में आक एसपी जैसलमेर का कार्यभार ग्रहण किया।

इस दौरान एसपी सुधीर चौधरी ने कहा कि आमजन में विश्वास व अपराधियों में भय के राजस्थान पुलिस के नियम पर काम किया जाएगा। उनकी प्राथमिकताओं में अपराध पर अंकुश लगाना, आमजन की जल्द सुनवाई करना, अवैध मादक पदार्थ व साइबर क्राइम के मामलों पर अंकुश लगाना। इसके साथ ही पर्यटन नगरी में सैलानियों की सुरक्षा उनकी पहली प्राथमिकता में शामिल होगी।

डेजर्ट फेस्टिवल में पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था होगी

आने वाले डेजर्ट फेस्टिवल व लोक सभा चुनावों को देखते हुए एसपी सुधीर चौधरी ने बताया कि मरू महोत्सव को बेहतर ढंग से करवाया जाएगा और पुलिस के पुख्ता इंतजाम रहेंगे। आने वाले लोकसभा चुनाव को भी बेहतर ढंग से करवाया जाएगा। जिले में ड्रग्स के कारोबार व संगठित अपराध को खत्म करना है। गौरतलब है कि 36 वर्षीय सुधीर चौधरी 2015 बैच के कढर हैं। वे राजस्थान के सीकर जिले के रहने वाले हैं। और बीटेक शिक्षित है। चौधरी राजसमंद, सवाई माधोपुर व एसीबी कोटा में रह चुके हैं। वही साइबर क्राइम पुलिस मुख्यालय जयपुर पुलिस अधीक्षक से उनका तबादला जैसलमेर हुआ है।

# हनुमानगढ़ी के गर्भगृह का आंगन होगा और भव्य:द्वार भी नए सिरे से बनेगा, 5 हजार संतों के लिए बन रहा भंडारा भवन

रुद्रांश दर्पण- अयोध्या



रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा होने के बाद देशभर से हर रोज 2 लाख श्रद्धालु अयोध्या पहुंच रहे हैं। हनुमानगढ़ी में दर्शन लोगों के लिए मुश्किल होता जा रहा है। हर रोज 2डे लंबी लाइनें लग रही हैं।

इंतजार के बाद ही दर्शन मिल पा रहे हैं। ऐसे में हनुमानगढ़ी के निवार्णी अखाड़ा की ओर से निर्माण शुरू कराए गए हैं। महंत डा. महेश दास ने बताया कि निकास द्वार को 30 फिट चौड़ किया जा रहा है। इसी रामनवमी तक यह कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

गर्भगृह के चारों तरफ 12-12 फिट चौड़ा होगा

उन्होंने बताया कि इसके अलावा गर्भगृह को छोड़कर उसके चारो ओर 12-12 फिट चौड़ा किया जा रहा है। इस कार्य के बाद प्रवेश द्वार को और भव्य बनाया जाएगा। फिलहाल निकास द्वार पर अभी दस लोगों की क्षमता की लिफ्ट लगाई जा रही है। भविष्य में दिव्यांगो एवं वृद्धों के लिए भी 5 लोगों की क्षमता की एक अतिरिक्त लिफ्ट भी लगाई जाएगी।

6 LED से होंगे दर्शन, 5 हजार संतों के लिए बन रहा भंडारा भवन

महंत संजय दास ने बताया कि इसके पहले हनुमानगढ़ी में श्रद्धालुओं को भगवान का दर्शन कराने के लिए 6 छएऊ टीवी भी लगाई जानी हैं। जिसमें 4 छएऊ लगाई जा चुकी हैं।



रुद्रांश दर्पण बालोद। उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव आज जिला मुख्यालय बालोद में राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य श्री यशवंत जैन की माता स्व.श्रीमती कमला बाई के श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने स्व. श्रीमती कमला बाई के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा उनकी आत्मा को शांति प्रदान करने ईश्वर से प्राथर्ना की।



धमतरी। कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के निर्देश पर अपर कलेक्टर श्री जीआर मरकाम ने कलेक्टोरेट में आयोजित जनदर्शन में आवेदकों से सुनीं उनकी समस्या, मांग और शिकायतें। जनदर्शन में प्राप्त हुए 145 आवेदन।

# विधायक डॉ. ऋतु बनावत ने ऊर्जा मंत्री से की मुलाकात

## क्षेत्र को बिजली समस्याओं से मिले निजात



रुद्रांश दर्पण, भरतपुर बयाना। विधायक डॉ ऋतु बनावत ने ऊर्जा मंत्री हीरा लाल नागर से उनके आवास पर मुलाकात कर क्षेत्र के विकास कार्यों एवम् विभिन्न मांगों पर चर्चा की।विधायक ने बरिष्ठ पत्रकार डॉ0 कुमार शास्त्री को बताया कि बयाना व रूपबास क्षेत्र में बिजली की मांग को देखते हुए 220 केबी जीएसएस शीघ्र स्वीकृत किया जावे। एवम् बोर्ड परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए सुबह और शाम के समय निर्बाध रूप से बिजली उपलब्ध करवाई जाए।उन्होंने बताया कि बयाना उपखंड में वतर्मान में एक सहायक अभियंता कार्यालय करीब 50 वर्ष से संचालित है। जिसके अधीन वतर्मान में 50 हजार से अधिक उपभोक्ता हैं। इसलिए भोगौलिक दृष्टि व अधिक उपभोक्ता होने के कारण एक अतिरिक्त सहायक अभियंता (अएठ) कार्यालय स्वीकृत किया जाए। डॉ0 ऋतु बनावत ने कहा कि किसानों को निर्वाध रूप से बिजली उपलब्ध करवाने हेतु रीछोली, पुरावाई खेड़ा,थाना डांग , मेरथा व विनउआ में 33/11 केबी सब स्टेशनों के निर्माण की स्वीकृति दी जाए । 300 से अधिक औद्योगिक इकाईयां होने के बावजूद मीटर एईएन (अएठ) का पद रिक्त होने के कारण स्थानीय व्यापारियों को समस्याओं के लिए भरतपुर भागना पड़ता है तथा समस्या के निवारण में लंबा समय लग जाता है।इसके लिए मीटर एईएन (अएठ) की नियुक्ति की जाए ।

ऊर्जा मंत्री हीरा लाल नागर ने आश्वासन दिया कि अधिकारियों के साथ बैठकर सभी समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जायेगा।

# ज़िले के पीजी कॉलेज ग्राउंड में 24 फरवरी से चार मार्च तक आयोजित होगा सरस मेला

## उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के विशेष प्रयास से जिले में पहली बार आयोजित हो रहा सरस मेला, क्षेत्रीय सरस मेला में समूह द्वारा उत्पादित सामग्रियों की लगेगी प्रदशनी, होगा विक्रय, कलेक्टर श्री महोबे ने सरस मेला के आयोजन स्थल का निरीक्षण किया



रुद्रांश दर्पण, कवर्धा/कबीरधाम । श्री विजय शर्मा उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग छत्तीसगढ़ शासन के विशेष प्रयासों से कबीरधाम जिले में पहली बार सरस मेला का आयोजन होगा। कबीरधाम जिला मुख्यालय के पीजी कॉलेज मैदान में 24 फरवरी से 4 मार्च 2024 तक क्षेत्रीय सरस मेला का आयोजन होगा। जिसमें प्रदेश के समस्त जिलों के साथ-साथ कबीरधाम जिले के स्व-सहायता समूह द्वारा उत्पादित सामग्रियों का विक्रय एवं प्रदशनी लगाई जाएगी। 10 दिवसीय सरस मेला में समूह द्वारा उत्पादित विभिन्न प्रकार की सामग्रियों को आम जनता के लिए विक्रय के लिए रखा जाएगा। सरस मेले में लगभग 200 स्टॉल लगाए जाएंगे। कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे और जिला पंचायत सीईओ श्री संदीप कुमार अग्रवाल ने सरस मेला के आयोजन स्थल का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने अधिकारियो को कार्यक्रम के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे ने बताया कि 24 फरवरी से आयोजित होने वाले क्षेत्रीय सरस मेला के लिए अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। मेले में 200 स्टाल लगाए जाएंगे। इसके साथ ही पूरे 10 दिवस विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा जिसमें छत्तीसगढ़ी कला एवं संस्कृति का रंगा-रंग प्रस्तुति होगी। प्रदेश के ख्याति प्राप्त कलाकारों के द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ जिले के निवासी क्षेत्रीय सरस मेला का आनंद ले सकेंगे।

जिला पंचायत सीईओ श्री संदीप कुमार अग्रवाल ने बताया कि प्रदेश के लगभग 20 से 25 जिले के महिला स्व-सहायता समूह के सदस्य कबीरधाम में आकर अपने उत्पादन को विक्रय एवं प्रदशनी के लिए रखेंगे। यहां पहला अवसर है जब कबीरधाम जिले में इतने बड़े पैमाने पर समूह के उत्पादकों के लिए प्रदशनी का आयोजन हो रहा है, जिसमें समूह द्वारा ख्याति प्राप्त सामग्रियां जिलेवासियों के लिए उपलब्ध होगी। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान योजना के माध्यम से कार्य करने वाले महिला समूह के लिए यहां स्वर्णिम अवसर होगा जहां पर उत्पादन सीधे आम जनता के लिए उपलब्ध रहेगा। इसके साथ स्वदेशी मेला एवं क्राफ्ट बाजार भी रहेगा।

10 दिवसीय सरस मेला के आयोजन पर एक नजर: पीजी कॉलेज मैदान में 24 फरवरी से होने वाले 10 दिवसीय सरस मेला में 200 स्टालों से महिला स्व-सहायता समूह की सामग्रियों के साथ स्वदेशी मेला व क्राफ्ट बाजार भी रहेगा। मीना बाजार में बच्चों के लिए झूले एवं खेलकूद के अन्य साधन रहेंगे। चटपटे व्यंजनों के साथ फूड कोर्ट होगा। इस तरह पूरे 10 दिवस जिले वासियों को सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ मेले का लुफ्त उठा सकेंगे।

# प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला बोरगांव में न्योता भोजन के तहत मो. नबील का मनाया गया जन्मदिन

## सामुदायिक भागीदारी से भोजन को अधिक पोषक बनाने की पहल



रुद्रांश दर्पण, कोंडागांव । प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजनांतर्गत न्योता भोजन के तहत सोमवार को नगर पंचायत केशकाल के प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला बोरगांव में स्कूली बच्चों के संग केशकाल के मो. नबील ने अपना जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर मो. नबील एवं उनके पिता इमरान नत्थानी ने पार्षद यासीन मेमन, एसडीएम अंकित चैहान, तहसीलदार आशुतोष शर्मा एवं स्कूली बच्चों के साथ भोजन भी किया। उन्होंने बच्चों के साथ जन्म दिवस मनाते हुए केक काटा एवं सभी को खीर पूड़ी भी खिलाई। इस दौरान विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी चेतन मण्डावी, बीआरसी प्रकाश साहू, एबीईओ मोईन शेख, संकुल समन्वयक दिनेश नाग एवं विद्यालय प्रबंधन के समिति के सदस्य भी उपस्थित रहे।

ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ के स्कूलों में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों को दिए जाने वाले गर्म भोजन को सामुदायिक भागीदारी की बदौलत और अधिक पोषक बनाने हेतु की गयी अभिनव पहल के तहत शाला अवधि में विद्यार्थियों को भोजन प्रदाय करने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य में ह्यन्योता भोजनह्य आयोजित किया जा रहा है। न्योता भोजन का उद्देश्य समुदाय के बीच अपनेपन की भावना का विकास, भोजन के पोषक मूल्य में वृद्धि तथा सभी समुदाय वर्ग के बच्चों में समानता की भावना विकसित करना है। यह पूरी तरह से स्वैच्छिक है और समुदाय के लोग अथवा कोई भी सामाजिक संगठन, स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को पूर्ण भोजन का योगदान कर सकते हैं अथवा अतिरिक्त पूरक पोषण के रूप में खाद्य सामग्री का योगदान कर सकेंगे। यह विभिन्न त्यौहारों या अवसरों जैसे वर्षगांठ, जन्मदिन, विवाह और राष्ट्रीय पर्व आदि पर बड़ी संख्या में लोगों को भोजन प्रदान करने की भारतीय परम्परा पर आधारित है। समुदाय के सदस्य ऐसे अवसरों त्यौहारों पर अतिरिक्त खाद्य पदार्थ या पूर्ण भोजन के रूप में बच्चों को पौष्टिक और स्वादिष्ट भोजन प्रदान कर सकते है।

# रात्रिकालीन प्लास्टिक क्रिकेट का विजेता रहा सारंगढ़ की टीम



रुद्रांश दर्पण, सारंगढ़ बिलाईगढ़। नगर भटगांव मे 7 दिवसीय चलने वाले रात्रिकालीन प्लास्टिक बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हुआ जिसमे भटगांव और सारंगढ़ के बीच फाइनल मैच खेला गया। जिसमे सारंगढ़ की टीम ने टास जीत कर फिल्डिंग लिया और भटगांव के टीम ने 61 रन बनाकर आल आऊट हो गया सारंगढ़ की टीम ने 61 रन का पीछा किया और फाईनल मैच सारंगढ़ टीम ने जीत लिया। प्रथम ईनाम 10 हजार व द्वितीय ईनाम 5 हजार के साथ तृतीय ईनाम 3 हजार रखा गया था। समापन के कार्यक्रम मे विल्स फाइटर क्रिकेट कल्ब भटगांव ने समापन अतिथि के रूप मे नगर पंचायत उपाध्यक्ष प्रवेश दुबे, झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ट के जिला संयोजक संजीव साहू, व्यापारी संघ अध्यक्ष प्रदीप देवांगन, कोडपति बीमा अभिकर्ता अनिल केशरवानी इन सभी के हाथो से ईनाम वितरण किया गया।

# अंतिम तिथि 20 फरवरी : सरकारी चतुर्थ श्रेणी कमर्चारी परिवार भी कर सकते हैं महतारी वंदन योजना के आवेदन

रुद्रांश दर्पण, सारंगढ बिलाईगढ़। महतारी वंदन योजना का आवेदन ऑनलाईन व ऑफ लाईन आवेदन का पंजीयन की अंतिम तिथि 20 फरवरी 2024 हैं। सरकारी नौकरी के चतुर्थ श्रेणी कमर्चारी (चपरासी, सफाईकर्मी, चौकीदार, हेल्पर, पोस्टमैन आदि) के परिवारिक सदस्य इस योजना के लिए पात्र है। महतारी वंदन योजना का लाभ लेने के लिए पात्र महिलाएं ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। कोई भी पात्र महिला इस वेबसाईट के रहितग्राही लागिनर से स्वयं आवेदन जमा कर सकते हैं। इसके साथ ही साथ आगनबाड़ी केंद्र में भी आवेदन जमा कर सकते हैं। योजना अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य की स्थानीय निवासी एवं विवाहित महिला पात्र होंगे। 1 जनवरी को विवाहित महिला की आयु 21 वर्ष होनी चाहिए। विधवा, तलाकशुदा, परित्यक्ता महिला भी योजना के लिए पात्र होंगी। योजनांतर्गत पात्र महिला को प्रतिमाह 1000 रूपए का भुगतान डीबीटी के माध्यम से किया जाएगा। सामाजिक सहायता कार्यक्रम, विभिन्न पेंशन योजनाओं से पेंशन प्राप्त करने वाली महिलाओं को 1000 रूपए से कम पेंशन राशि प्राप्त होने से शेष अंतर की राशि का भुगतान किया जाएगा।

# ‘गणराज स्व सहायता समुह’ ने लजीज खाने में तलाशी रोजगार की राह




रुद्रांश दर्पण, दंतेवाड़। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन ह्यह्यविहानह्यह्य योजना ने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों की महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने एवं आत्मनिर्भर बनाने में एक महती भूमिका अदा कर रहा है, वतर्मान में इसकी बदौलत गांव-गांव में ठेठ ग्रामीण महिलाएं आज घर की चारदीवारी से निकलकर आत्मनिर्भरता की डगर पर कदम दर कदम बढ़ा रही है और तो और उनका दखल उन कार्यक्षेत्रों में भी बढ़ा है, जिनमें पहले कभी पुरूषों का वर्चस्व दिखता था। इस क्रम में अन्य व्यवसायों की तुलना में भोजनालय व्यवसाय महिलाओं का सर्वाधिक रुचि कर व्यवसाय रहा है। प्रस्तुत वृतांत जिला दंतेवाड़ा के सबसे सुदूर विकासखंड कटेकल्याण के जनपद कार्यालय में स्थित भोजनालय के संबंध में है जहां ह्यह्यगणराज स्व सहायता समुहह्यह्य की महिलाएं सफलतापूर्वक भोजनालय का संचालन कर अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा का कार्य कर रही है। जिला मुख्यालय से करीब 45 से 50 किलोमीटर की दूरी पर वनांचल में स्थित इस विकासखंड का बाजार क्षेत्र अन्य विकासखंडों के समान विकसित नहीं है। स्थानीय लोगों के आवश्यकता अनुरूप ही यहां छोटे-छोटे दुकान और एक दो कामचलाऊ खाने-पीने और चाय इत्यादि मिलने के स्थान ही यहां के बाजार स्थल को इंगित करते है।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन ह्यह्यविहानह्यह्य योजना के माध्यम से यहां की महिलाओं को भोजनालय व्यवसाय प्रारंभ करने में उम्मीद की किरण नजर आई। जिला मिशन प्रबंधन इकाई विहान की नेतृत्व में एवं तत्कालीन सीईओ जनपद व बीपीएम के सहयोग से गणराज स्व सहायता समूह की दीदियों ने जनपद कार्यालय में ही आज से डेढ़ वर्ष पूर्व होटल के साथ ही भोजनालय की शुरुआत की। प्रारंभ के कुछ एक महीने में कम सामग्रियों का विक्रय हुआ। लेकिन समुह ने निराश न होते हुए धैर्य पूर्वक होटलों में पसंद किए जाने वाले अनेक खाद्य सामग्रियों को भी अपने मैन्यु में जोड़ा और आज यहां चाय समोसा भजिया पोहा इत्यादि जैसे पारंपरिक नाश्ते तो मिलते ही हैं। साथ ही समूह की महिलाओं ने एक कदम आगे बढ़कर सम्पूर्ण भोजन भी ग्राहकों को उपलब्ध कराना शुरू कर दिया। और वतर्मान में यहां शुद्ध देसी जायके में बनी दाल चावल व सब्जी की थाली के अलावा पनीर, अंडा, मछली, वह चिकन की थाली भी परोसी जा रही है। और यह खाने के शौकीन ग्राहकों की पसंदीदा जगह बन चुकी है। और तो और सभी लजीज खाने का रेट बाजार मूल्य से बहुत कम है। जहां अन्य होटलों में पनीर, मछली, चिकन की थालियों का मूल्य 200 रूपये के लगभग है। वहीं इस भोजनालय में समूह की दीदीयां बहुत ही वाजिब और सस्ते दर में खाना परोसती है जैसे ग्राहकों को यहां पनीर दाल चावल 70 रूपये, मछली टू पीस और चावल 100 रूपये, एवं चिकन चावल 120 रूपये में मिल जाती है। इस प्रकार जनपद कार्यालय के लगभग सभी स्टाफ के अलावा बाहर के भी लोग बड़े चाव के साथ दीदीयों के कैंटीन पर खाना खाने का लुत्फ उठाते हैं। अगर आमदनी का जिक्र किया जाए तो आज भोजनालय के माध्यम से स्व सहायता समूह की दीदीयां प्रति दिवस 8 से 10 हजार तक का विक्रय कर लेती हैं। और प्रत्येक दीदीयां को 12 से 15 हजार रुपये महिना की आय हो रही है और इस प्रकार समुह कों 50 से 60 हजार रूपये की अच्छी आमदनी मिल रही है। इस प्रकार ह्यह्यगणराज स्व सहायता समुहह्यह्य की दीदियों ने ह्यह्यजहां चाह वहां राहह्यह्य की उक्ति को सार्थक सिद्ध किया है। ये वही महिलाएं है जो खेती और घर-गृहस्थी के कामों में उलझी रहती थी, परन्तु आज सफल पुर्वक भोजनालय का संचालन कर रही है।




**रुद्रांश दर्पण, सरगुजा।** दूरस्थ क्षेत्रों में आपातकालीन स्थिति में उच्च स्तरीय जांच एवं तत्काल सैम्पल रिपोर्टिंग हेतु वरदान साबित होगी ड्रोन तकनीक। राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र उदयपुर तक ब्लड सैम्पल परिवहन हेतु परिक्षण उडान का हुआ आयोजन।

# स्कूल परिसर के पास लगे पान ठेले को हटाने की मांग लेकर जनदर्शन पहुंचा आवेदक



**रुद्रांश दर्पण दुर्ग।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज जनदर्शन में प्राप्त 140 आवेदनों का अवलोकन कर उचित कार्रवाई हेतु संबंधित विभागों को किया प्रेषित।

# शहर की ट्रैफिक व्यवस्था दुरूस्त करने बनाएं ट्रैफिक मैनेजमेंट प्लानः कलेक्टर

## जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

**रुद्रांश दर्पण बिलासपुर।** कलेक्टर श्री अवनीश शरण की अध्यक्षता में आज जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गयी। कलेक्टर ने शहर में बढ़ते ट्रैफिक के मद्देनजर ट्रैफिक मैनेजमेंट प्लान बनाने कहा। उन्होंने सड़क चौड़ीकरण के दौरान बीच में आने वाले बिजली पोल की भी शिफ्टिंग करने के निर्देश बिजली विभाग के अधिकारियों को दिए। पुलिस अधीक्षक श्री रजनेश सिंह ने कहा कि हाईवे के किनारे जो मवेशी घूमते रहते हैं उनकी लगातार निगरानी करते हुए उनके मालिको के विरूद्ध कार्रवाई की जाए। इसके अलावा जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कई अहम फैसले लिए गए।




कलेक्टर ने स्कूल और कॉलेज के बच्चों को यातायात के प्रति जागरूक करने अभियान चलाने कहा। उन्होंने कहा कि शहर में ट्रैफिक व्यवस्था दुरूस्त करने के लिए ट्रैफिक मैनेजमेंट प्लान बनाने की जरूरत है। परिवहन, नगर निगम और यातायात पुलिस द्वारा संयुक्त निरीक्षण कर यह प्लान बनाया जाए। कलेक्टर ने चैक में बाईं ओर रोड फ्री रखने के निर्देश दिए। उन्होंने रेड सिग्नल होने पर जेब्रा क्रॉस मुक्त वाहन खड़ी करने और हेल्मेट के प्रति लोगों को जागरूक करने कहा। बैठक में परिवहन अधिकारी श्री अनुभव शर्मा ने बताया कि जिले में पांच ब्लैक स्पॉट सेंदरी चौक कोनी, रानीगांव चैक मदनपुरी, मस्तूरी हाईवे तिराहा, गमंजू मोड़ तखतपुर और मटियारी बेलतरा मोड़, सीपत है। इसी प्रकार 02 ग्रे स्पॉट मंगला चैक और तिफरा यदुनंदन नगर मोड़ है। यातायात डीएसपी ने बताया कि जिले में सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने शहर में भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया गया है। तेज रफ्तार से गाड़ी चलाने वालों, यातायात संकेत उल्लंघन करने वालों, वाहन चलाते समय मोबाईल पर बात करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। शहर में चार प्रमुख स्थानों पर ओवर स्पीड संबंधी कैमरे लगाए गए हैं जिनके जरिए जल्द ही गति सीमा का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इन स्थानों में गति सीमा के सूचनात्मक बोर्ड भी लगाए जाएंगे। विभिन्न चौक-चौराहों में लगाए गए कैमरों के जरिए यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों को अब तक 11317 प्रकरण ई चालान के जरिए भेजे गए हैं जिनमें से चार हजार प्रकरण में 36 लाख 59 हजार रूपए का चालान शुल्क काटा गया। नशे में वाहन चलाने वाले 1530 लोगों पर विगत वर्ष कार्रवाई की गयी। उन्होंने बताया कि ब्लैक स्पॉट्स जो चिन्हित किए गए हैं उनमें रंबल स्ट्रीप लगाना, सूचनात्मक बोर्ड, ब्लैक स्पॉट सिम्बॉल लगाना और कैट आई लगाना जैसा कार्य किया जाना है। लोगों को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक करने स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत 22 चौक - चौराहों एवं प्रमुख मार्गो में जिंगल द्वारा लगातार सड़क सुरक्षा से जुड़ी तमाम जानकारी पहुंचाई जा रही है। बैठक में नगर निगम कमिश्नर श्री अमित कुमार सहित सड़क सुरक्षा समिति के सभी सदस्य मौजूद थे।

# चमत्कारिक तालाब से स्नान कर वापस हो रहे बोलेरो में सवार 5 लोग घायल एक की मौत

## घटना पवनी के पास भाँचा ढाबा के पास की है, बोलेरो पेड़ से टकराया



**रुद्रांश दर्पण बिलाईगढ़।** मुंगेली जिले के पेंड्री के चमत्कारिक तालाब से स्नान कर बोलेरो से वापस आ रहे वाहन पेड़ से टकरा गया इस घटना में 1 बोलेरो सवार की मौत हो गई वहीं 5 लोग घायल हो गए। लोगों से मिली जानकारी अनुसार मुड़पार (सरसीवां) के 6 लोग पेंडरी चमत्कारिक तालाब में स्नान करने गए थे। वहां से वापस हो रहे थे तभी वाहन क्रमांक सी जी 13 डी 5218 पवनी के भांचा ढाबा के पास पेड़ से वाहन जबरदस्त टकरा गया जिससे वाहन चालक जितेन्द्र साहू पिता कन्हैया साहू उम्र 30 वर्ष की मौत हो गई वहीं वाहन में सवार दुजराम(टेटकू) पिता कृपाराम साहू,मनीराम पिता गिरधर ,इनकी पत्नी एवं पुत्र योगेश पिता मनीराम खटकर बुरी तरह से घायल हो गए घायलों का बिलासपुर के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है जहां 2 की हालत गंभीर बताई जा रही है घटना आज अपरान्ह 1 बजे की है। बिलाईगढ़ पुलिस मर्ग कायम कर मृतक जितेंद्र का शव पोस्टमार्टम कर परिजन को सौंप दिया।

# समस्त वेद और शास्त्रों का मुकुट है श्रीमद्भागवत : आचार्य दिलीप

भूपेन्द्र यादव की रिपोर्ट

**जाँजगीर चाँपा।** समीपस्थ ग्राम धुरकोट में आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के अन्तिम दिवस कथा व्यास पं० दिलीप उपाध्याय (लाखासर वाले) ने बताया कि ऋंगी ऋषि के श्राप को पूरा करने के लिये तक्षक नामक सांप भेष बदलकर राजा परिक्षित के पास पहुँचकर उन्हें डस लेते हैं जिससे जहर के प्रभाव से राजा का शरीर जल जाता है और





मृत्यु हो जाती है। लेकिन श्रीमद्भागवत कथा सुनने के प्रभाव से राजा परीक्षित को मोक्ष प्राप्त होता है। परीक्षित को जब मोक्ष हुआ तो ब्रह्माजी ने अपने लोक में तराजू के एक पलडे.में सारे धर्म और दूसरे में श्रीमद्भागवत को रखा तब भागवत का ही पलड़ा भारी रहा। अर्थात श्रीमद्भागवत ही सारे वेद पुराण शास्त्रों का मुकुट है , कथा के श्रवण प्रवचन करने से जन्मजन्मांतरों के पापों का नाश होता है और विष्णुलोक की प्राप्ति होती है। इसके पहले अमरकथा का वर्णन करते हुये आचार्यश्री ने कहा भगवान शंकरजी जब माता पावती को अमरकथा सुना रहे थे तब शिव-पावती के अलावा सिर्फ एक तोते का अंडा था जो कथा के प्रभाव से फूट गया उसमें से श्रीशुकदेव जी का प्राकट्य हुआ। कथा सुनते सुनते पावती जी सो गई वह पूरी कथा श्री शुकदेव जी ने सुनी और अमर हो गये। शंकर जी सुकदेवजी के पीछे उन्हें मृत्युदंड देने के लिये दौड़े। शुकदेवजी भागते भागते व्यासजी के आश्रम में पहुंचे और उनकी पत्नी के मुंह से गर्भ में प्रविष्ट हो गये। बारह वर्ष बाद श्री सुकदेव जी गर्भ से बाहर आये , इस तरह श्रीशुकदेवजी का जन्म हुआ। वहीं राजा परीक्षित के जन्म की कथा श्रवण कराते हुये आचार्यश्री ने कहा कि महाभारत युद्ध के पश्चात जब राजा परीक्षित माता के गर्भ में थे , उसी समय अश्वत्थामा ने ब्रह्मास्त्र का प्रयोग परीक्षित की मां उत्तरा के गर्भ पर किया। असहनीय दर्द से कराहती उत्तरा ने जैसे ही भगवान श्रीकृष्ण को पुकारा , उन्होंने उत्तरा के गर्भ में प्रवेश कर स्वयं उस बालक की ब्रह्मास्त्र से रक्षा की। इनके जन्म लेने पर विद्वानों ने नवजात शिशु का नाम परीक्षित रखा क्योंकि भगवान श्रीकृष्ण ने स्वयं ही इस बच्चे की मां के गर्भ में रक्षा की थी। राजा बनने पर परीक्षित के कलयुग को दंड देने का प्रसंग सुनाते हुये व्यासाचार्य ने बताया कि कलयुग जब राजा परीक्षित की शरण में आकर अपने रहने के लिये स्थान मांगा तो राजा ने चार स्थान दिये। पहला स्थान जुआ क्रीड़ा , दूसरा शराब खाना , तीसरा वैश्य स्थल दिये। तीनों स्थानों के बारे में सुनकर कलयुग ने राजा परीक्षित से कोई अच्छा स्थान प्रदान करने को कहा। इस पर राजा द्वारा भूल से उनके मुख से चौथे स्थान का नाम सोना निकल गया। कुछ समय पश्चात राजा ने अपने पूवर्जों के मुकुटों को देखना चाहा तो एक मुकुट बहुत सुंदर था जिसको धमर्राज युधिष्ठिर ने छिपा कर रखा था। यह मुकुट जरासंध का था जिसको भीम छीन कर लाया था। राजा ने जैसे की उस सोने के मुकुट को पहना , कलयुग उसकी बुद्धि पर सवार हो गया। राजा जंगल में शिकार करते भूख प्यास से व्याकुल शमीक ऋषि के आश्रम पहुंचा। ऋषि उस समय ध्यान में लीन थे , राजा ने उन्हें पुकारा तो ऋषि का ध्यान उन पर नहीं गया। राजा को लगा कि ऋषि ने जान बूझकर उनका अपमान किया है , क्रोध में राजा की बुद्धि बिगड़ गई और उसने एक मरे को सांप को ऋषि के गले में डाल दिया। ऋषि के पुत्र को जैसे ही इस बारे में पता चला उसने तुरंत राजा को श्राप दे दिया कि उसकी मृत्यु सात दिनों के अंदर तक्षक नाग के डसने से हो जायेगी। जब राजा परीक्षित को श्राप का पता चला तो उन्हें बहुत पछतावा हुआ , उन्होंने राज्य में आये शुकदेव मुनि से इसका उपाय पूछा। इस पर मुनि शुकदेव ने राजा परीक्षित की मुक्ति के लिये सात दिन भागवत कथा सुनाई। जिसे सुन राजा परीक्षित भगवान की भक्ति में लीन हो गये , सात दिन पूरे होते ही ऋषि के श्राप के अनुसार तक्षक नाग ने आकर परीक्षित को काट लिया। भगवान की भक्ति में लीन राजा परीक्षित को इसका पता तक नहीं चला और भागवत कथा के प्रभाव से उन्हें मुक्ति प्राप्त हो गई। इधर पिता की मृत्यु को देखकर राजा परीक्षित के पुत्र जनमेजय क्रोधित होकर सर्प नष्ट हेतु आहुतियाँ यज्ञ में डलवाना शुरू कर देते हैं जिनके प्रभाव से संसार के सभी सर्प यज्ञ कुंडों में भस्म होना शुरू हो जाते हैं तब देवता सहित सभी ऋषि मुनि राजा जनमेजय को समझाते हैं और उन्हें ऐसा करने से रोकते हैं। इस कथा के मुख्य यजमान श्रीमति प्रसन्नी कौशलेन्द्र सिंह थे , कथा में प्रतिदिन आसपास के श्रद्धालुगण , जनप्रतिनिधि एवं मीडियाकर्मियों की उपस्थिति रहती थी। वहीं आज तुलसी वर्षा , सहस्त्रधारा और ब्राह्मण भोज सहित श्रीमद्भागवत कथा का विश्राम हुआ।

# सार्वजनिक आवश्यक सेवाओं से संबंधित समीक्षा बैठक सम्पन्न

पुरुषोत्तम प्रजापत

**गंगापुर सिटी।** जिला कलक्टर डॉ. गौरव सैनी की अध्यक्षता में सोमवार को कलक्ट्रेट में सार्वजनिक आवश्यक सेवाओं से संबंधित जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिला कलक्टर ने सार्वजनिक आवश्यक सेवाओं की सूचारू रूप से आपूर्ति, जिले में संचालित विकास कार्य, 100 दिवसीय कायर्योजना, बजट घोषणा, विभागीय फ्लैगशिप योजना, संपर्क पोर्टल एवं जनसुनवाई में प्राप्त परिवादों के निस्तारण आदि की वतर्मान स्थिति एवं प्रगति की विभागवार समीक्षा की।



जिला कलक्टर ने समस्त विभागों के प्रभारी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि उनके विभाग के अन्तर्गत संचालित आवश्यक सेवाओं से संबधित विकास एवं मरम्मत के कार्यों, बजट घोषणाओं से संबंधित चल रहे निर्माण कार्यों, 100 दिवसीय कायर्योजना एवं फ्लैगशिप योजनायों में निर्धारित लक्ष्य को तय समयावधि में पूर्ण करना सुनिश्चित किया जाए। वहीं 181, संपर्क पोर्टल एवं जनसुनवाई में प्राप्त परिवादों का समयबद्ध निस्तारण भी सुनिश्चित किया जाए।

जिला कलक्टर ने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अन्तर्गत संचालित नॉन-पेचेबल, पेचेबल, मिसिंग लिन्क आदि परियोजनाओं के अंतर्गत निर्माणाधीन, नए स्वीकृत एवं प्रस्तावित सड़क निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की साथ ही जिला परिषद के अतिरिक्त मुख्य कायर्कारी अधिकारी शैलेन्द्र सिंह एवं नगर परिषद आयुक्त रिंकल गुप्ता को अपने-अपने क्षेत्र से पीडबल्यूडी से संबन्धित सड़क व अन्य निर्माण कार्यों का विस्तृत ब्योरा अग्रिम कायर्वाही हेतु जल्द से जल्द अधीक्षण अभियंता हरिसिंह मीना को सौपने के निर्देश दिये वहीं इन समस्त कार्यों को चरणबद्ध तरीके से नियमानुसार तय समय सीमा में निर्धारित गुणवत्ता मानकों के साथ संपादित करने के निर्देश पीडबल्यूडी के अधीक्षण अभियंता को दिए।

बैठक के दौरान जिला कलक्टर ने जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधिशासी अभियंता रामकेश मीना से सप्ताहभर में अब तक किए गए नल कनेक्शनों का ब्यौरा लियो साथ ही जल जीवन मिशन में वतर्मान प्रगति की समीक्षा की साथ ही उन्होंने अधिशासी अभियंता को जिले में निर्बाध रूप से पेयजल आपूर्ति के निर्देश देते हुए कहा कि वे उनके विभाग के अन्तर्गत जलापूर्ति के लिए मौजूद समस्त आवश्यक उपकरणों का नियमित रूप से रखरखाव एवं मरम्मत के माध्यम से सुचारू संचालन सुनिश्चित करें। वहीं शहर एवं गावों के दूरस्थ एवं बाधित जलापूर्ति क्षेत्रों में उपलब्ध कराये जाने वाले पेयजल के नियमित परिवहन एवं निर्बाध आपूर्ति को भी प्राथमिकता दें।

जिला कलक्टर ने अतिरिक्त मुख्य कायर्कारी अधिकारी को पीएचईडी से प्राप्त सूची के आधार पर जहाँ-जहाँ भी जल जीवन मिशन योजना के तहत कार्य पूर्ण हो चुका है की आवश्यक जांच करवाकर नियमानुसार ग्राम जल और स्वच्छता समिति (वी.डबल्यू.एस.सी.) से हर घर जल प्रमाण पत्र संबन्धित विभाग को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत जिले में संचालित समस्त जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिला कलक्टर ने सीएमएचओ बीएल मीना को निर्देशित करते हुए कहा कि वे दूध, मिठाइयाँ, मसाले आदि खाद्य पदार्थों की खाद्य निरीक्षक के माध्यम से नियमित सेंपलिंग भिजवाकर लेब से जांच करवाएँ, जिससे मिलावट के जहर से जिलेवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और मिलावट करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कायर्वाही सुनिश्चित की जा सके साथ ही चिकित्सा एवं स्वस्थ्य विभाग के अधीन संचालित राजकीय अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता के उच्चत्तम स्तर को सुनिश्चित करने के निर्देश सीएमएचओ को दिये जिससे आमजन निजी अस्पतालों से ज्यादा गुणवत्तापूर्ण इलाज के लिए राजकीय अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केन्द्रों को तरजीह दे सकें उन्होने कहा कि नियमित रूप से औचक निरीक्षण आदि के माध्यम से प्रभावी मॉनिटरिंग भी रखी जाऐ वहीं अब तक उच्च अधिकारियों द्वारा किए गए निरीक्षणों में पाई गई कमियों को दूर कर प्रगति रिपोर्ट जिला मुख्यालय को भिजवाना भी सुनिश्चित किया जाए।

डॉ. सैनी ने सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग के अंतर्गत पेंशन सत्यापन, पालनहार योजना की वतर्मान स्थिति एवं अब तक की प्रगति का संबन्धित प्रभारी अधिकारी से विस्तृत ब्यौरा लिया और आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

उन्होंने नगर परिषद आयुक्त से जिले में नियमित साफ सफाई की वतर्मान स्थिति का जायजा लिया एवं सफाई कामिर्कों की उनके कार्यक्षेत्र के अनुसार ज़िम्मेदारी तय करने के निर्देश दिये साथ नगर परिषद के अंतर्गत संचालित समस्त अन्नपूर्ण रसोइयों में आमजन को उपलब्द कराये जा रहे भोजन के मेनू में राज्य सरकार के निर्देशानुसार श्री अन्न को सम्मिलित करने के निर्देश नगर परिषद आयुक्त को दिये वही जिला परिषद के अधीन संचालित रसोइयों के लिए उक्त आदेश अतिरिक्त मुख्य कायर्कारी अधिकारी को दिये। जिला कलक्टर ने विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता ओमप्रकाश सिंह नरुका को विद्युत की सुचारू आपूर्ति के लिए जरूरी उपकरणों की कायशीलता एवं सुरक्षा को नियमित निगरानी के माध्यम से सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। वहीं जिले में विद्युत चोरी के प्रकरणों पर लगाम लगाए रखने एवं दोषियों पर नियमानुसार कायर्वाही करने के निर्देश दिए। साथ ही संबन्धित विभागीय फ्लैगशिप योजनाओं में अधिक से अधिक पात्र जनों को लाभान्वित कर निर्धारित लक्ष्य को तय समय सीमा में प्राप्त करने के आदेश भी दिये इस दौरान शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति, कृषि विद्युत कनेक्शन, सीएम निःशुल्क बिजली योजना, 33 केवी सब स्टेशन के निर्माण, विद्युत विभाग के साथ अन्य विभागों के अंतविर्भागीय परिवाद एवं मुद्दे आदि की समीक्षा कर विस्तृत चर्चा की गई।

समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वे दैनिक जनसुनवाई एवं संपर्क पोर्टल पर प्राप्त परिवादों की निस्तारण रिपोर्ट, 100 दिवसीय कायर्योजना एवं उसके अनुसार साप्ताहिक प्रगति रिपोर्ट, निरीक्षण प्रारूप, विभिन्न विभागीय फ्लैगशिप योजना में प्रगति रिपोर्ट नियमित रूप से निश्चित समयावधि पर जिला मुख्यालय भिजवाना सुनिश्चित करें।

बैठक के दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे

### शिक्षा विभाग में कार्रवाई...

# 01 बर्खास्त , 03 निलम्बन और 01 व्याख्याता को किया कार्यमुक्त

**रुद्रांश दर्पण, श्योपुर।** सोमवार को जिला शिक्षा अधिकारी श्योपुर आर एस तोमर द्वारा 03 बड़ी कारर्वाई की गई। जिसमे 01 प्राथमिक शिक्षक को बर्खास्त,03जन शिक्षको को निलम्बित और 01 व्याख्याता को कार्यमुक्त करने का आदेश जारी किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रभारी सहायक संचालक बनाये गये प्रमोद सिकरवार को सहायक संचालक की पदस्थी होने के चलते अपनी संस्था के लिये कार्यमुक्त करने का आदेश जारी किया गया । वहीं डीईओ श्री तोमर द्वारा प्राथमिक शिक्षक मलखान सिंह इंदोलिया, प्राथमिक शिक्षक शा0प्रा0वि0 अकोदिया विद्यालय में अनुपस्थित रहने, विधान सभा निर्वाचन 2023 के प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने व वरिष्ठ कार्यालय द्वारा जारी किये गये कारण बताओं सूचना पत्र के उत्तर समय सीमा में न दिये जाने, विद्यालय पर नियमित रूप से उपस्थित होकर अध्यापन कार्य न किये जाने की शिकायत ग्रामवासियों द्वारा सी0एम0 हेल्पलाईन पर की गई,जिसपर प्राचार्य,शा.उ.मा.वि.टर्राकलां द्वारा श्री इंदोलिया के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही किये जाने का प्रस्ताव भेजा गया। जिस पर श्री इंदोलिया को कारण बताओं पत्र जारी किया गया, जिसके सम्बंध में कोई जवाब प्रस्तुत न किये जाने पर निलम्बित किया गया था। तत्पश्चात 19 जनवरी 2024 को श्री इंदोलिया के विरुद्ध आरोप आधार पत्र जारी किये गयें। जिसका भी उत्तर उनके द्वारा नही दिया गया। तत्पश्चात सम्बंधित के विरुद्ध विभागीय जांच संस्थित की गई। जांच प्रतिवेदन में मलखान सिंह इंदोलिया,निलम्बित प्रा.शि.शा0प्रा0वि0 अकोदिया पर समस्त आरोप सत्य होना पाये जाने पर सेवा से पदच्युत किया गया।

खबर का असर


एक पद के विरूद्ध दो-दो सहायक संचालक पदस्थ है जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में

एक शासन ने किया पदस्थ तो दूसरा डीईओ साहब ने,जिला प्रशासन भी अनभिज्ञ

आपका कहना

**रिर्काड में कांट छांट करने :** वही दरगमा के सीएससी को उपस्थिती रजिस्टर मे कांट छांट करने के आरोप में निलम्बित किया गया है। जनशिक्षक अवधेश शर्मा, ( मूल पद मा0शि0 ) प्रभारी जनशिक्षक, जनशिक्षा केन्द्र शा0उ0मा0वि0 गोहटा द्वारा शा0प्रा0वि0 दरंगवा के उपस्थिति पंजी पर कांट-छांट की गई। जिसके चलते उनका कृत्य पदीय दायित्वों के प्रति बरती जा रही लापरवाही एंव उदासीनता के कारण प्रथम दृष्टया दोषी पाते हुए म0प्र0 सिविल सेवा ( वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम -9 के तहत निलम्बित किया जाता है। निलम्वन अवधि में सम्बंधित लोक सेवक का मुख्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी, विकास खण्ड विजयपुर रहेगा। सम्बंधित लोक सेवक को निलम्बन अवधि में मूलभूत नियम 53 के तहत जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। वहीं दो अन्य सीएससी जो क्रमशः जुगराज माली व मांगीलाल नागर का विद्यालय के ि[नरीक्षण के दौरान छात्रों से जानकारी पूछे जाने पर छात्रों द्वारा प्रश्नों के उत्तर नहीं दिये जाने पर बच्चों का शैक्षणिक स्तर न्यून पाये जाने पर निलम्बित किया गया है । प्राप्त जानकारी के अनुसार विद्यालय के जनशिक्षक जुगराज माली,को मॉनिटरींग नही करने व मांगीलाल नागर, जनशिक्षक (मूल पद -मा0शि0), जनशिक्षा केन्द्र आवदा द्वारा अपने पदीय दायित्वों के प्रति बरती जा रही लापरवाही एंव उदासीनता के कारण प्रथम दृष्टया दोषी पाते हुए म0प्र0 सिविल सेवा ( वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम - 9 के तहत निलम्बित किया जाता है। निलम्बन अवधि में सम्बंधित लोक सेवक का मुख्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी, विकास खण्ड कराहल रहेगा। सम्बंधित लोक सेवक को निलम्बन अवधि में मूलभूत नियम 53 के तहत जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

# शासकीय कमर्चारियों को सीटबैल्ट एवं हेलमेट अनिवार्य

## यातायात सुगम बनाने की दृष्टि से शहर की सड़कों पर होगी मार्किंग: कलेक्टर, सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित




**रुदांश दर्पण, श्योपुर।** कलेक्टर संजय कुमार ने सडक सुरक्षा समिति की बैठक के दौरान निर्देश दिये कि शहर में यातायात को सुगम बनाने के उद्देश्य से शहर की सडको पर लाइन डालकर मार्किंग की जायें। मार्किंग के बाहर अतिक्रमण की स्थिति में प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जायें। कलेक्टर संजय कुमार ने बैठक में कहा कि मैरिज गार्डन संचालको की पृथक से बैठक बुलाई जायें तथा मैरिज गार्डन के लिए पार्किंग स्थल की व्यवस्था सुनिश्चित करने की हिदायत दी जाये। उन्होंने विभिन्न सडक निर्माण विभागों को सडके संधारित करने तथा संकेतक लगाने के निर्देश भी दिये। बैठक में तय किया गया कि हेलमेट, सीट बेल्ट तथा हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाये जाने के लिए अभियान चलाया जायें। इसके साथ ही विभिन्न शासकीय कार्यालयो में मोटर साईकिल एवं कार से आने वाले अधिकारियों एवं कमर्चारियों को हेलमेट तथा सीट बेल्ट लगाने के लिए हिदायत दी जायें, उल्लंघन करने वाले अधिकारियों एवं कमर्चारियों पर चालानी कार्यवाही भी की जायेगी। इसके साथ ही यातायात नियमो का पालन कराने के उद्देश्य से कार्यालय में कार्यरत किसी अधिकारी, कमर्चारी को नोडल अधिकारी भी नियुक्त किया जायें। बैठक में बताया गया कि पुलिस लाइन होकर रामपुरा डांग जाने वाली पीएमजीएसवाय सडक की मरम्मत का कार्य एक सप्ताह के अन्दर शुरू करा दिया जायेगा, इसी प्रकार बताया गया कि बगडूआ तिराहे सहित एनएच की सडक पर संकेतक लगा दिये गये है। यह मार्किंग सलापुरा से पटेल चौक, मैन बाजार, गणेश बाजार, पुल दरवाजा बडौदा रोड तथा शिवपुरी रोड पर होगी। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में एडिशनल एसपी सतेन्द्र सिंह तोमर, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन, अभिषेक मिश्रा, एसडीओपी राजीव कुमार गुप्ता, आरटीओ आरएस चिकवा, तहसीलदार श्रीमती प्रेमलता पाल सहित विभिन्न अधिकारी उपस्थित थे।

**तेज आवाज में डीजे बजाने वालों पर कार्यवाही के निर्देशः** कलेक्टर संजय कुमार ने सडक सुरक्षा समिति की बैठक के दौरान निर्देश दिये कि बगैर अनुमति तथा निर्धारित मापदण्डो के अनुरूप डीजे बजाने वालों पर कडी कार्यवाही सुनिश्चित की जायें। उन्होंने कहा कि ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने के उद्देश्य से शासन एवं जिला प्रशासन द्वारा दिशा-निर्देश जारी किये गये है, इन निर्देशो के अनुरूप ही ध्वनि विस्तारक यंत्रो का उपयोग किया जायें तथा ध्वनि विस्तारक यंत्रो का उपयोग जिन भी स्थानो पर किया जा रहा है, वह संबंधित एसडीएम से विधिवत अनुमति प्राप्त कर लें।इसके अलावा रात्रि 10 बजे से प्रातः 06 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रो के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। इन निर्देशों की अवहेलना करने वालो पर कार्यवाही के निर्देश दिये गये।

# 38 माह पुराने मामले में न्यायालय ने सुनाया फैसला

## गांजा बेचने के आरोपी को 03 वर्ष का कारावास एवं 5000 रूपये के अर्थदण्ड की सुनाई सजा



**रुदांश दर्पण, श्योपुर।** सोमवार को विशेष न्यायालय श्योपुर द्वारा 38 माह पुराने 01 गांजा बेचने के आरोप में पकड़े गये आरोपी को दोनो पक्षों की सुनवाई उपरांत दोषी पाये जाने पर फैसला सुनाया जिसमे । विशेष न्यायालय द्वारा एनडीपीएस एक्ट की धारा 20बी (2) बी में दोषी पाते हुये आरोपी राजू पुत्र कैलाश मीणा निवासी सीप नदी पुल के पास नागदा रोड श्योपुर को तीन वर्ष का सश्रम कारावास एवं 5000 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। मामले में राज्य की ओर से राजेन्द्र जाधव विशेष लोक अभियोजक द्वारा की गई। घटनाक्रम के अनुसार 17 दिसम्बर 2020 को सुबह पुलिस थाना कोतवाली में पदस्थ उपनिरीक्षक अंशुल अरोरा का जरिये मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी सूचना को तस्दीक करने के लिए उपनिरीक्षक द्वारा मय स्वतंत्र साक्षी मय फोर्स, विवेचना किट के साथ मुखबिर के बताये स्थान सीप नदी के पुल के पास नागदा रोड पर पहुँचे तो एक व्यक्ति वहाँ दिखा और उसे पुलिस फोर्स की मदद से पकडकर उससे नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम राजू पुत्र कैलाश भीणा निवासी नागदा रोड श्मसान घाट श्योपुर होना बताया, उपनिरीक्षक द्वारा विधिवत कार्यवाही करते हुये, राजू मीणा की तलाशी ली तो उसके पास सफेद रंग के प्लास्टिक के कट्टे में एक सफेद रंग की प्लास्टिक की पन्नी हरे-भूरे रंग का मादक पदार्थ गांजा मिला मौके पर विधिवत कार्यवाही करते हुये तौल की गई उसका बजन 1 किलो 550 ग्राम था मौके पर से आरोपी को गिरफ्तार कर आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना उपरांत आरोपी के विरूद्ध माननीय विशेष न्यायालय श्योपुर के समक्ष अभियोग पत्र प्रस्तुत किया विचारण उपरांत माननीय विशेष न्यायालय श्योपुर जिला श्योपुर द्वारा आरोपी को एनडीपीएस एक्ट की धारा 20बी (2) बी में दोषी पाते हुये आरोपी राजू पुत्र कैलाश मीणा निवासी सीप नदी पुल के पास नागदा रोड श्योपुर को तीन वर्ष का सश्रम कारावास एवं 5000 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। मामले में राज्य की ओर से राजेन्द्र जाधव विशेष लोक अभियोजक द्वारा की गई।

# स्वतंत्र, निर्भिक मतदान की व्यवस्था सुनिश्चित करें: कलेक्टर

## सेक्टर एवं पुलिस अधिकारी संयुक्त रूप से करें भ्रमण




**रुदांश दर्पण, श्योपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार की अध्यक्षता में सेक्टर एवं पुलिस अधिकारियों की संयुक्त बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। कलेक्टर संजय कुमार ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर स्वतंत्र, निर्भिक मतदान की सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायें, सेक्टर एवं पुलिस अधिकारी अपने-अपने सेक्टर में संयुक्त रूप से भ्रमण कर आयोग के निर्देशानुसार वल्नेरेबल्टी मैपिंग तथा क्रिटिकल मतदान केन्द्रों की मैपिंग का कार्य निर्धारित प्रपत्र में करें। उन्होंने निर्देश दिये कि आयोग की मंशानुसार सेक्टर एवं पुलिस अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रो में सतत रूप से भ्रमण करते हुए भयमुक्त वातावरण में निर्वाचन की प्रक्रिया संपन्न कराये। उन्होंने कहा कि निर्वाचन से पूर्व की जाने वाली सभी कार्यवाही की जायें, असामाजिक तत्वों तथा निर्वाचन के दौरान विघ्न फैलाने वाले अराजक तत्वों को चिन्हांकित कर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जाये। तहसीलदार तथा पुलिस अधिकारी बांउडओवर की कार्यवाही सुनिश्चित करे। कलेक्टर संजय कुमार ने निर्देश दिये कि मतदान केन्द्रो का भ्रमण कर भौतिक सुविधाओं का सत्यापन किया जायें तथा सेक्टर अधिकारी अपने-अपने सेक्टर में स्थित मतदान केन्द्रों का बारिकी से निरीक्षण कर ले तथा यह सुनिश्चित कर ले कि मतदान केन्द्र के भवनो में सभी बुनियादी सुविधाएं जैसे लाइट, पानी, शौचालय, फनीचर आदि की उपलब्धता है। इसके अलावा मतदान केन्द्रों का रास्ता सुगम है, जहां पोलिंग पार्टीया आसानी से पहुंच जाये एवं मतदान के लिए मतदाता भी आसानी से अपने मताधिकार का उपयोग कर सकें। उल्लेखनीय है कि लोकसभा निर्वाचन के लिए 68 सेक्टर अधिकारी नियुक्त किये गये है, जिनमें श्योपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए 33 तथा विजयपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए 35 सेक्टर अधिकारी बनाये गये है। इसके साथ ही तीन-तीन सेक्टर अधिकारियों को रिर्जव में भी रखा गया है।

# स्वर्गीय मुकेश गुप्ता की बीसवीं पुण्यतिथि पर की श्रद्धांजली अर्पित

## 25 फरवरी को आयोजित किया जायेगा रक्तदान शिविर



**रुदांश दर्पण, श्योपुर।** 19 फरवरी 2024 स्वगीय मुकेश गुप्ता की बीसवीं पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजली सभा व रक्तदान जागरूकता अभियान के बीसवें स्थापना दिवस पर अभियान को निरन्तरता प्रदान करने के लिए एक बैठक आयोजित की गई। जिसमे कई निर्णय लिए गए। महत्वपूर्ण निर्णय की कड़ी में आगामी 25 फरवरी 2024 दिन रविवार को प्रातः09बजे से श्रीराम धमर्शाला पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन का निर्णय लिया गया। रक्तदान जागरूकता अभियान के त्रैमासिक शिविरों में नियमित रक्तदान करने वाले दानदाता भी रक्तदान करेंगे। शिविर में अधिक से अधिक भागीदारी के लिए जनसंपर्क एवं व्यापक प्रचार प्रसार आज से ही प्रारंभ कर दिया है ।

### 20 वर्ष ,250 रक्तदान शिविर 135 संस्थायें

रक्तदान जागरूकता के प्रयासों से 20 वर्षो में 250 अधिक रक्तदान शिविर आयोजित हुए, जिसमें हजारों यूनिट रक्तदान हुआ तथा 135 संस्थाएं नियमित रूप रक्तदान जागरूकता अभियान जुड़ी रक्तदान शिविरों की निरंतरता बनाए रखने हेतु आयोजक संस्थाओं से चर्चा करने एवं समन्वय बनाकर ग्रामीण क्षेत्रों में भी रक्तदान शिविरों के आयोजन के लिए संबंधित प्रयास किए जाने एवं पंचायत स्तर पर रक्तदान शिविरों के आयोजन हेतु प्रशासनिक अधिकारीयों से आवश्यक सहयोग हेतु चर्चा करने का भी निर्णय लिया गया। आयोजित शिविर में ब्लड डोनर्स की ग्रुप वाइज जानकारी के लिए वेबसाइट बनाए जाने का निर्णय लिया गया ताकि जरूरतमंद लोग स्वयं वेबसाइट के माध्यम से रक्तदान दाता से संपर्क कर अनुरोध कर सकें। रक्तदान जागरूकता अभियान के उपस्थित सदस्यों ने सदस्यों ने स्वगीय मुकेश गुप्ता के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर स्वगीय मुकेश गुप्ता स्मृति सेवा न्यास के सचिव महावीर गुप्ता, लाइफ केयर सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. खेमचंद जैन,पुष्पा श्री फाउंडेशन के अध्यक्ष अरुण ओसवाल, सचिव रमेश गुप्ता राष्ट्रभक्त युवा संगठन के जिला अध्यक्ष संजय मंगल, विष्णु शर्मा,किसलय जैन, डॉक्टर आशीष गुप्ता,आशीष गुप्ता, हिमांशु गुप्ता आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# आम चुनावों को लेकर राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों की बैठक

## कानून व्यवस्था को दृष्टिगत रख प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करें : कलेक्टर, सक्रियता के साथ कार्य करें, थानावार बनाये प्लान: एसपी




**रुदांश दर्पण, श्योपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में लोकसभा निर्वाचन को दृष्टिगत रख आयोजित राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि कानून व्यवस्था की दृष्टि से असामाजिक एवं अराजक तत्वों को चिन्हित कर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जायें। कलेक्टर संजय कुमार ने निर्देश दिये कि लोकसभा निर्वाचन निर्विघ्न संपन्न कराने के लिए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायें। उन्होंने कहा कि वल्नेरेबल पॅकिटस की पहचान की जायें तथा स्वतंत्र रूप से मतदान की व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायें। तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं संबंधित क्षेत्र के थाना प्रभारी संयुक्त रूप से अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण करें, बांउडओवर करने की कार्यवाही की जायें। कलेक्टर श्री संजय कुमार ने निर्देश दिये कि अवैध शराब के विक्रय एवं परिवहन पर सतत रूप से कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि स्मैक एवं ड्रग्स पर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करें। अपने-अपने क्षेत्रो में यह सुनिश्चित करें कि स्मैक एवं ड्रग्स की सप्लाई तथा उपयोग तो नही हो रहा है, ऐसे लोगों को चिन्हित कर कडी कार्यवाही की जायें। असामाजिक तत्वों एवं अराजक तत्वों को बांउडओवर करें। पुलिस अधीक्षक डॉ राय सिंह नरवरिया ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिये कि सक्रियता के साथ कार्य करें, घटनाओं को रोकने के दृष्टिकोण के साथ प्रो-एक्टिव होकर कार्य किया जायें। लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर थानावार प्लान तैयार किया जायें तथा असामाजिक तत्वों का चिन्हांकन कर उन्हें बांउडओवर करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जायें। बैठक में पुलिस अधीक्षक डॉ रायसिंह नरवरिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सतेन्द्र सिंह तोमर, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन, वायएस तोमर, एसडीओपी राजीव कुमार गुप्ता, तहसीलदार श्रीमती प्रेमलता पाल सहित अन्य राजस्व एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

# किसान सम्मेलन में लेकर 01 हजार किसान सम्मानित होंगे

**रुदांश दर्पण, श्योपुर।** कलेक्टर संजय कुमार ने किसान सम्मेलन को लेकर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि सम्मेलन में जिले के 01 हजार प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया जायेगा। इसके लिए विशेष रूप से मेडल एवं प्रमाण पत्र बनवाये गये है। उन्होंने कहा कि जिला मुख्यालय पर किसान सम्मेलन आयोजन के लिए 28 एवं 29 फरवरी की संभावित तिथि निर्धारित की गई है। बैठक में उप संचालक कृषि पी गुजरे सहित आदान कृषक सामग्री से जुडी फर्मो के डीलर एवं प्रतिनिधि उपस्थित थे। कलेक्टर संजय कुमार ने कहा कि दो दिवसीय किसान सम्मेलन में जिले के प्रगतिशील, उन्नतशील तथा नवीन तकनीकी का उपयोग कर फसल उत्पादन करने वाले किसानों को सम्मानित किया जायेगा। इसके साथ ही किसान सम्मेलन के दौरान कृषि से संबंधित नवीन टेक्नोलॉजी की जानकारी प्रदान करने के लिए प्रशिक्षण सत्र आयोजित किये जायेगे तथा स्टॉल लगाकर डीमोस्टेऊशन भी किया जायेगा। कृषक उत्पादो के प्रदर्शन हेतु भी स्टॉल लगाये जायेगे तथा नवीन तकनीकी का खेती में इस्तेमाल करने वाले कृषको द्वारा अपने अनुभव भी शेयर किये जायेगे। कलेक्टर ने कहा कि खाद, बीज और कीटनाशक एवं कृषि यंत्र सहित अन्य कृषक आदान सामग्री से जुडी कंपनियां, डीलर एवं फर्मे भी अपने-अपने स्टॉल किसान सम्मेलन में लगाकर जानकारी प्रदान करें।

# संदिग्ध हालत में युवक की मौत,हाइवे पर मिला शव

**रुदांश दर्पण, श्योपुर।** कराहल निवासी एक युवक की रात्रि के दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव कराहल और गोरस के बीच हाइवे किनारे मिला है। मौत के कारणों का फिलहाल कोई अता पता नहीं है। लेकिन सडक दुर्घटना होने की बात से भी पुलिस इंनकार नहीं कर रही है। कराहल थाना पुलिस ने मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। कराहल थाना पुलिस ने बताया कि कराहल निवासी महेश पुत्र सुरेश कुशवाह रविवार को किसी काम से बाइक से गोरस गया था। लेकिन वह इसके बाद लौटकर घर नहीं पहुंचा। उसका शव रात्रि के दौरान गोरस और कराहल के बीच हाइवे किनारे पडा मिला है। पास ही उसकी बाइक भी क्षतिग्रस्त स्थिति में मिली है। सूचना के बाद उसके शव को कराहल अस्पताल में लाया गया। वहीं परिवार के लोगो ने मौत पर संदेह व्यक्त करते हुए मामले की जांच किए जाने की आवश्यकता जताई। जिसके बाद कराहल पुलिस ने सोमवार को मेडिकल बोर्ड के जरिए शव का पीएम करवाकर उसे परिजन के सुपुर्द कर दिया और मर्ग दर्ज कर मौत के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

# 21 पटवारियों के रिक्त पदों के लिए कांउसलिंग 24 को

**रुदांश दर्पण, श्योपुर।** पटवारी भर्ती परीक्षा 2022 में चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेजो की जांच हेतु 24 फरवरी को कांउसलिंग आयोजित की गई है। इसके माध्यम से जिले में रिक्त 21 पटवारियों के रिक्त पदो की पूर्ति की जायेगी। कलेक्टर संजय कुमार द्वारा पटवारी भर्ती परीक्षा 2022 में चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेजो की जांच हेतु समिति गठित की गई है। समिति द्वारा 24 फरवरी को काउंसलिग के माध्यम से दस्तावेजो का सत्यापन किया जायेगा। कांउसलिंग में उपस्थित होने के लिए चयनित अभ्यर्थियों को सूचना जारी की गई है। 24 फरवरी को प्रातः 11 बजे से कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित अधीक्षक भू अभिलेख कार्यालय में कांउसलिंग होगी।